

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

जुबिन नौटियाल ने गुपचुप रचाई शादी


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 44 ■ अंक : 41 ■ शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play

GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play · Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel · Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# अनधिकृत टैक्सी ड्राइवरों पर गाज !

## नींद से जागी यातायात पुलिस — क्षमता से ज़्यादा पैसेंजर बैठाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई शुरू



**उल्हासनगर.** सोमवार को कल्याण-मुरबाड रोड पर एक ईको वैन और सीमेंट मिक्सर के एक्सीडेंट के बाद उल्हासनगर यातायात विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त किरण बालवडकर ने डिपार्टमेंट के सभी इंचार्ज अधिकारियों को अनधिकृत काली-पीली टैक्सी ड्राइवरों के खिलाफ तुरंत और सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है.

### ■ बिरला गेट से मुरबाड तक अवैध यातायत

उल्हासनगर में शहाड रेलवे स्टेशन, बिरला मंदिर गेट से मुरबाड तक लोग गैर-कानूनी तरीके से ऑटो रिक्शा और काली-पीली ईको वैन से सफर करते हैं. सोमवार को रायता ब्रिज पर हुए एक्सीडेंट में 11 लोगों की मौत हो गई थी. उल्हासनगर ट्रैफिक पुलिस डिपार्टमेंट के सीनियर अधिकारियों के निर्देश के मुताबिक, शहाड, विट्ठलवाड़ी, उल्हासनगर, अंबरनाथ और रेलवे स्टेशनों से कल्याण और मुरबाड की ओर चलने वाली टैक्सियों की जांच की जाएगी.

उल्हासनगर ट्रैफिक पुलिस डिपार्टमेंट की तरफ से एक लेटर जारी किया गया है जिसमें कहा गया है कि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कैपेसिटी से ज़्यादा पैसेंजर ले जाने वाले ड्राइवरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

कल्याण-मुरबाड रोड पर हुआ हादसा दुर्भाग्यपूर्ण है. यात्रियों की जान से खेलने वाले बिना इजाज़त वाले टैक्सी ड्राइवरों को खुली छूट नहीं दी जाएगी. सभी यूनिट्स को कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है.
–किरण बालवडकर,
सहायक पुलिस आयुक्त,
ट्रैफिक डिपार्टमेंट, उल्हासनगर

### ट्रैफिक सब-डिवीजन को रिपोर्ट जमा करने के निर्देश

रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस (RTO), कल्याण के साथ बातचीत करके एक जॉइंट एक्शन प्लान किया गया है. ट्रैफिक सब-डिवीजन (उल्हासनगर, विट्ठलवाड़ी, अंबरनाथ) के ऑफिसर-इन-चार्ज को सात दिनों के अंदर कैंपेन रिपोर्ट जमा करने के लिए कहा गया है. कितनी टैक्सियों पर पेनल्टी लगाई गई? कितनी बिना इजाज़त वाली टैक्सियां ज़ब्त की गईं? ऑफिस को इसकी डिटेल्स देनी होंगी.

## 11 मौतों के बाद ट्रैफिक पुलिस अलर्ट पर

**कल्याण.** तीन दिन पहले (सोमवार) कल्याण-मुरबाड रोड पर रायते ब्रिज पर एक छह सीटर इको टैक्सी का एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी. एक्सीडेंट के बाद ट्रैफिक पुलिस अलर्ट मोड पर है और बुधवार को गैर-कानूनी पैसेंजर ट्रांसपोर्ट के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी.

गैर-कानूनी पैसेंजर ट्रांसपोर्ट पर तभी रोक लग सकती है जब कार्रवाई लगातार हो. एक्सीडेंट के बाद कल्याण-मुरबाड रूट पर इको टैक्सी सर्विस बंद कर दी गई है. हालांकि, कल्याण वेस्ट में स्टेशन एरिया से इको टैक्सी ड्राइवर पैसेंजर को बिठाते दिखे. छह से ज़्यादा पैसेंजर वाली टैक्सियों के खिलाफ कार्रवाई की गई. हालांकि कल्याण-भिवंडी रूट पर टैक्सी यातायात जारी है. वहां टैक्सी में छह से ज़्यादा पैसेंजर ठूंस-ठूंस कर भरे जाते हैं.

अगर छह सीटर इको टैक्सी ड्राइवरों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है, तो पुलिस और RTO अधिकारियों को संगठनों के पदाधिकारियों का फोन आता है. ड्राइवर-मालिक संगठन रिपब्लिकन पार्टी, उद्धव सेना, BJP वगैरह पार्टियों के असर में हैं.



### RTO का एक्शन

कल्याण-मुरबाड रोड पर टैक्सियों की संख्या कम होने से यात्रियों को होने वाली परेशानी से बचाने के लिए कल्याण के डिप्टी रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिसर आशुतोष बारकुल ने ST डिपो के मैनेजरों से मुलाकात की. उन्होंने सुझाव दिया कि मुरबाड रोड पर और बसें चलाई जाएं. बारकुल ने बताया कि RTO टीम ने कल्याण-मुरबाड रोड पर 6 गाड़ियों के खिलाफ एक्शन लिया है.

### अधिकारियों पर रिश्वतखोरी का आरोप

गाड़ियों में कैपेसिटी से ज़्यादा यात्री भरे जाते हैं. चूंकि अधिकारी हफ्ता लेते हैं, इसलिए नियम तोड़ने वाली गाड़ियों पर कोई ठोस एक्शन नहीं लिया जाता. गैर-कानूनी पैसेंजर ट्रांसपोर्ट के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाना चाहिए. नहीं तो NCP (शरद पवार) के रीजनल जनरल सेक्रेटरी वल्ली राजन ने विरोध शुरू करने की चेतावनी दी है. उन्होंने RTO अधिकारियों को निवेदन सौंपा है.

# अंबरनाथ की राजनीति में 5 मई को आएगा भूकम्प

### ■ गट संख्या बल एवं 12 नगरसेवकों के अपात्र का फैसला



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद में गट के मामले को लेकर जिलाधिकारी के पास सुनवाई चल रही है. 15 अप्रैल को तारीख थी. जिलाधिकारी ने 6 तारीखों के बाद 21 दिन के भीतर निर्णय देने का निश्चय किया है. गट संख्या बल का जब तक निर्णय नहीं आ जाता, तब तक विषय समिति एवं सभापति का चुनाव नहीं हो सकता. नपा के चुनाव हुए 4 महिने हो गए हैं. भाजपा ने उनके 15, कांग्रेस के 12 जो कि बाद में भाजपा में चले गए थे और राकांपा के 4 एवं 1 अपक्ष नगरसेवकों को लेकर अपनी संख्या बल 32 करके गट नेता अभिजीत करंजुले ने जिलाधिकारी को सौंप दिया था. लेकिन कुछ दिनों बाद राकांपा (अप) के 4 नगरसेवकों ने भाजपा के गट को राम-राम कहकर शिवसेना के 27, एक अपक्ष के साथ अपना दूसरा गट बनाकर गट संख्या 32 कर लिया था. इस मुद्दे को लेकर दूसरे गट को अपात्र ठहराने के लिए भाजपा ने उच्च न्यायालय का सहारा लिया था. उच्च न्यायालय ने ये प्रकरण जिलाधिकारी के पास भेज दिया. अब 5 मई को ये निर्णय आ सकता है. उसी दिन 5 मई को 12 कांग्रेस के नगरसेवकों के पात्र या अपात्र के बारे में जिलाधिकारी निर्णय लेंगे. कांग्रेस के 12 नगरसेवकों ने कांग्रेस पक्ष को छोड़कर भाजपा में प्रवेश किया है. इन 12 नगरसेवकों को अपात्र ठहराने के लिए शिवसेना के गट नेता रवि करंजुले एवं नगरसेवक विकास हेमराज ने जिलाधिकारी के पास याचिका दायर की है. इसकी तारीख 5 मई को दी गई है. ऐसी जानकारी हमें रवि करंजुले ने दी है. अगर दोनों निर्णय 5 मई को आ गए तो अंबरनाथ की राजनीति में बड़ा भूचाल आ जाएगा. विदित हो कि अंबरनाथ नपा में 59 नगरसेवक एवं एक नगराध्यक्ष कुल 60 नगरसेवक हैं.

# ढाई साल की मासूम पर पिता ने किया चाकू से वार

### ■ घायल बच्ची का अस्पताल में इलाज जारी

**कल्याणः** कल्याण से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. पारिवारिक विवाद में एक पिता ने अपनी ढाई साल की मासूम बेटी पर जानलेवा हमला किया. मां की सूझबूझ से बच्ची की जान बच गई और अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है.

कल्याण पूर्व के खडेगोलवली इलाके में रहने वाले विलास दिनकर और पत्नी लक्ष्मी के बीच पिछले कुछ दिनों से विवाद चल रहा था. पति की मारपीट से परेशान होकर लक्ष्मी अपनी ढाई साल की बेटी अदिति को लेकर मायके मध्यप्रदेश चली गई थी. लक्ष्मी ने बताया कि विलाश दिनकर उसके मायके में जाकर चुपके से उसकी बेटी को अपने साथ कल्याण लेकर भाग आया. करीब 20 दिनों तक विलास बेटी के साथ लापता रहा.

इस दौरान लक्ष्मी ने कोलसेवाडी पुलिस थाने में अर्जी देकर पूरी कहानी बताई थी. गुरुवार सुबह विलास ने मासूम अदिति पर धारदार हथियार से हमला कर दिया.

मां लक्ष्मी ने तुरंत बीच-बचाव कर बेटी को बचा लिया. गंभीर रूप से घायल अदिति को लक्ष्मी ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है. कोलसेवाडी पुलिस ने आरोपी पिता विलास दिनकर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. आगे की जांच पुलिस कर रही है.

# महापौर अश्विनी कमलेश निकम की समस्याओं के समाधान की पहल

### ■ महापौर आपके द्वार अभियान की हुई शुरुआत
### ■ सांसद से प्रेरित होकर शुरू की मुहिम

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर कई समस्याओं से ग्रस्त है ऐसे में इन समस्याओं के समाधान हेतु महापौर अश्विनी कमलेश निकम ने महापौर आपके द्वार अभियान की शुरुआत की है. मंगलवार और गुरुवार को महापौर अश्विनी निकम उल्हासनगर मनपा क्षेत्र के वार्डों का दौरा करेंगी और समस्या ग्रस्त लोगों से मुलाकात करेंगी और तुरंत ही उसके निवारण का प्रयास करेंगी. सांसद श्रीकांत शिंदे से प्रेरित होकर उन्होंने यह मुहिम शुरू की है. उल्हासनगर शहर में पिछले कई वर्षों से मूलभूत सुविधा लोगों तक पहुंच नहीं रही है. टैक्स धारक यही कहते सुने जाते हैं कि हमारी समस्या सुनने वाला कोई नहीं है. इसी बात को ध्यान में रखते हुए महापौर अश्विनी कमलेश निकम ने महापौर आपके द्वार मुहिम की शुरुआत कर ली है. जैसे ही उन्होंने पदभार संभालते हुए कहा कि मैं एसी कमरों में बैठकर कार्य नहीं करूंगी सड़कों पर उतरकर शहरवासियों की समस्याओं को समाधान करूंगी. ओमी कालानी के नेतृत्व में और पप्पू कालानी के मार्गदर्शन में उन्होंने इस मुहिम की शुरुआत कर ली है. शिवसेना नेता कमलेश निकम ने कहा है कि शहर में 35 करोड़ के विकास कार्य पास किए गए हैं और इसी मुहिम के दौरान लोगों को इसका लाभ मिलना भी शुरू हो जाएगी. शहर की सभी पैनलों में वो महापौर आपके द्वार मुहिम के तहत समस्याओं का समाधान करेगी.



# रायता ब्रिज पर उद्घाटन से पहले ही मौतों का तांता

### ■ एक ही लेन पर दोनों तरफ का ट्रैफिक शुरू

**कल्याण.** कल्याण-मुरबाड हाईवे पर उल्हास नदी पर नए बने रायता ब्रिज की दूसरी लेन का काम अधूरा है, लेकिन एक लेन ट्रैफिक के लिए खोल दी गई है. जब एक ही लेन पर दोनों तरफ ट्रैफिक चल रहा था, तभी एक पैसेंजर टैक्सी और सीमेंट कंक्रीट मिक्सर ट्रक आमने-सामने आ गए. टैक्सी की स्पीड ज़्यादा होने की वजह से टक्कर हो गई, जिससे यह भयानक हादसा हुआ. उद्घाटन से पहले ही रायता ब्रिज पर मौतों का तांता लग गया.

इस हादसे के बाद मुरबाड MLA किसन कथोरे ने गैर-कानूनी पैसेंजर ट्रैफिक पर सवाल उठाया है. क्या सब-रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिसर्स ने कभी पैसेंजर टैक्सियों के लाइसेंस चेक किए? इस रूट पर पैसेंजर ले जाने वाली गाड़ियों के लाइसेंस पहले कब चेक किए गए?



उन्होंने कहा कि अगर लाइसेंस समय पर चेक किए गए होते, तो इस हादसे में बेगुनाह लोगों की जान नहीं जाती. उन्होंने रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस के अधिकारियों की गैर-जिम्मेदारी पर नाराजगी जताई.

### ■ स्पीड ब्रेकर की मांग

स्थानीय गांववालों राजाराम सुरोशी, केतन पवार, ज्ञानेश्वर चोरगे और संतोष चोरगे ने मांग की है कि गोवेली और रायता में स्कूलों के सामने स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं. उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर यह मांग पूरी नहीं हुई तो वे विरोध करेंगे.

000

# आवारा कुत्ते के हमले में ST का कर्मचारी गंभीर रूप से घायल

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में आवारा और पागल कुत्तों का आतंक बढ़ गया है. सड़क पर इन कुत्तों के आतंक से नागरिक हैरान हैं. हाल ही में, उल्हासनगर के कैंप नंबर 4 इलाके के साईनाथ नगर यादव चॉल में सड़क पर एक आवारा कुत्ते ने ST कॉर्पोरेशन के एक कर्मचारी पर हमला कर दिया, जिससे उसका पैर टूट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया. इससे पहले भी इसी इलाके में आवारा कुत्तों ने कुछ लोगों को काटकर घायल कर दिया था. नागरिक मांग कर रहे हैं कि महानगर पालिका तुरंत इन आवारा और पागल कुत्तों पर काबू पाए.

सड़क पर आवारा कुत्ते के हमले में घायल ST कर्मचारी का नाम मनोज भाऊसाहेब मालुंजकर (40) है. मनोज अपने परिवार के साथ उल्हासनगर के कैंप नंबर-4 में कुर्ला कैंप हनुमान मंदिर के पास रहते हैं. वह मुंबई सेंट्रल में ST कॉर्पोरेशन में काम करते हैं. वह हमेशा सुबह 4:30 से 5 बजे के बीच जिम जाते हैं. कल सुबह करीब 6 बजे, जब वह जिम से घर लौट रहा था, तो साईनाथ नगर यादव चॉल में 5 से 6 आवारा कुत्तों का एक गैंग सड़क पर बैठा था. उस गैंग के एक काले कुत्ते ने अचानक मनोज पर हमला कर दिया. कुत्ते ने मनोज के दाहिने पैर पर ज़ोर से काट लिया और उसके पैर का लिगामेंट तोड़ दिया. खून से लथपथ मनोज ने मुकाबला किया और कुत्ते के चंगुल से भागने में कामयाब रहा. मनोज तुरंत इलाज के लिए हॉस्पिटल गया.



इससे पहले भी हनुमान नगर मंदिर एरिया, साईनाथ नगर और यादव चॉल में सड़क पर आवारा और पागल कुत्तों ने कई लोगों को काटकर घायल कर दिया है. उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन को तुरंत इन आवारा कुत्तों पर कंट्रोल करना चाहिए. इन आवारा कुत्तों के आतंक के कारण सुबह-सुबह और देर रात सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है. इसके अलावा, ये आवारा कुत्ते छोटे बच्चों का भी पीछा करके उन्हें काटते हैं. मनोज मालुंजकर ने लोकल कॉर्पोरेटर अंजलि साल्वे और सुरेखा सुरेश सोनवणे से इन आवारा कुत्तों के बारे में कोई प्लान बनाने की रिक्वेस्ट की है.

# कैम्प-1 में दुकान में आग

**उल्हासनगर.** कैंप-1 के भारत चौक इलाके में मंगलवार रात अचानक आग लगने से लोगों में दहशत फैल गई. व्यस्त इलाके में 'गणेश ट्रेडर्स' दुकान से उठी आग की लपटों ने डर का माहौल बना दिया, लेकिन फायर ब्रिगेड की तुरंत कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया.

उल्हासनगर कैंप 1 के भारत चौक इलाके में 'गणेश ट्रेडर्स' दुकान में अचानक आग लग गई. शुरुआती जानकारी के मुताबिक, आग पटाखों की वजह से लगने की आशंका जताई जा रही है. जैसे ही



दुकान से धुआं और आग की लपटें उठती दिखीं, इलाके में अफरा-तफरी मच गई. लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की एक टीम मौके पर पहुंची और तेजी से कार्रवाई करते हुए कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया. बताया गया है कि इस घटना में किसी की जान का नुकसान नहीं हुआ है.

# उल्हासनगर में अनुसूचित जातियों के सब-वर्गीकरण के खिलाफ़ हस्ताक्षर अभियान

**उल्हासनगर.** डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती के मौके पर, उल्हासनगर में स्वराज्य संगठन ने सरकार के अनुसूचित जातियों के सब-वर्गीकरण के फैसले का कड़ा विरोध किया. इस फैसले के विरोध में शुरू किए गए हस्ताक्षर अभियान पर हज़ारों भीम सैनिकों ने अपने हस्ताक्षर देकर सरकार के खिलाफ़ अपना विरोध दर्ज कराया.

स्वराज्य संगठन का कहना है कि सरकार का अनुसूचित जातियों के सब-वर्गीकरण का फैसला SC/ST कम्युनिटी की एकता को तोड़ने और जातियों के बीच मतभेद पैदा करने की एक चाल है. इस चाल का पर्दाफाश करने और कम्युनिटी की एकता बनाए रखने के लिए, 14 अप्रैल की शाम को कुर्ला कैंप इलाके में स्वामी शांति प्रकाश हॉल और गुरु नानक स्कूल के सामने यह हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया. जयंती के मौके पर हुई बड़ी रैली में शामिल लोगों ने भी अपना सपोर्ट जताते हुए इस कैंपेन में हिस्सा लिया. इस माध्यम से सरकार को यह बताने की कोशिश की गई कि हमें सब-कैटेगराइज़ेशन मंज़ूर नहीं है.

इस आंदोलन का नेतृत्व स्वराज्य संगठन के संस्थापक एड. जय गायकवाड़ ने किया. इस मौके पर सब-कैटेगराइज़ेशन से समाज को होने वाले एजुकेशनल और सोशल नुकसान का डर जताया गया. इस कैंपेन को मिले ज़बरदस्त रिस्पॉन्स को देखते हुए संगठन ने आने वाले दिनों में इस लड़ाई को और तेज़ करने की चेतावनी दी है. इस मौके पर स्वराज्य संगठन के सभी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में एक्टिविस्ट मौजूद थे. गायकवाड़ ने कहा कि हम अपने शरीर की आखिरी बूंद तक रिज़र्वेशन के असली रूप को बनाए रखने और सब-कैटेगराइज़ेशन को रोकने के लिए कमिटेड हैं.

—-

# अंबरनाथ में एक दुकानदार पर जानलेवा हमला



### ■ चाकू, तलवार से वार करके किया गंभीर घायल
### ■ पुलिस स्टेशन से सौ कदम की दूरी पर हुई वारदात

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के एक दुकानदार अकबर अली शेख पर पुलिस स्टेशन से 100 कदम के फासले पर कुछ लोगों ने कोयता एवं धारदार हथियार से सर, हाथ, पेट, पीठ पर वार करके गंभीर रूप से घायल किया है. अकबर का उपचार शहर के अंबर केयर अस्पताल में चल रहा है. उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है. हाथ में फ्रैक्चर भी आए हैं. ये हमला छत्रपति शिवाजी भाजी मार्केट में हुआ है. जिसके कारण परिसर में भगदड़ मच गई थी. अकबर ने बताया कि उनकी दुकान भाजी मार्केट में है. उन्होंने ये दुकान धीरज परमार को 2 लाख 45 हजार रुपए देकर लॉकडाउन से पहले खरीदा था. लाकडाउन खतम होने के बाद से परमार उन से दुकान वापस मांगने की जिद कर रहा था. उनके लड़के आदित्य परमार से भी उन्होंने पैसे देकर दुकान वापस लेने को कहा था. इसी बात को लेकर आदित्य परमार और उनके साथियों ने उन पर हमला करके उन्हें कोयते और तेजधार वाले हथियार से वार करना शुरू कर दिया. उनके हाथ, पेट और सर पर गंभीर चोटें आई हैं.

उन्होंने आरोप लगाया है कि 20 से 25 लोग उन्हें जान से मारने हेतु आए थे. ये सभी फरार हैं.

अकबर ने कहा है कि आरोपियों पर दफा 307 के अनुसार अपराध दर्ज होना चाहिए था, लेकिन पुलिस ने कम धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है. उन्होंने पुलिस से मांग की है कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए. पुलिस ने अपराध दर्ज करके जांच शुरू कर दी है.

# धीरज आयलानी की याद में 'MRI और CT स्कैन सेंटर' का उद्घाटन

### ■ ज़रूरतमंदों के लिए सस्ते दामों पर मॉडर्न मेडिकल सुविधाएं

**उल्हासनगर.** धीरज कुमार आयलानी की याद में, 'चार साहिबज़ादे MRI और CT स्कैन सेंटर' का उद्घाटन सेंट्रल हॉस्पिटल के पास अरुण कुमार वैद्य हॉल (टाउन हॉल) में हुआ. इस सेंटर का मुख्य मकसद ज़रूरतमंद और आर्थिक रूप से कमज़ोर नागरिकों को सस्ते दामों पर मॉडर्न मेडिकल सुविधाएं देना है.

उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में नागरिक और गणमान्य लोग शामिल हुए. मौजूद लोगों ने MLA कुमार आयलानी की इस जनहित पहल की तारीफ़ की और उनका शुक्रिया अदा किया. MLA कुमार आयलानी, पूर्व महापौर और नगरसेविका मीना आयलानी, आरजू धीरज आयलानी और बिंदिया आयलानी ने प्रोग्राम में मौजूद गणमान्य लोगों का स्वागत किया और धन्यवाद दिया.

प्रोग्राम में कई धार्मिक नेता भी मौजूद थे. पूज्य मधुसूदनजी महाराज ने रिबन काटकर सेंटर का उद्घाटन किया. इस सेंटर में सिर्फ़ Rs 1800 में MRI, Rs 1000 में CT स्कैन, ब्लड टेस्ट पर 40 से 50 परसेंट डिस्काउंट और सस्ती कीमतों पर दवाइयाँ मिलेंगी.



इस मौके पर शहर के कई जाने-माने लोग और अधिकारी मौजूद थे. इनमें म्युनिसिपल कमिश्नर मनीषा अव्हाले, डिप्टी कमिश्नर ऑफ़ पुलिस सचिन गोरे, सब-डिवीजनल ऑफिसर विजयानंद शर्मा, TLR राजेंद्र लोंढे, मेयर अश्विनी निकम, सेंट्रल हॉस्पिटल के डॉ. मनोहर बंसोडे, इंडस्ट्रियलिस्ट उद्धव रूपचंदानी, महेश अग्रवाल के साथ-साथ उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के कॉर्पोरेटर और दूसरे जाने-माने लोग शामिल थे.

चार साहिबज़ादे ट्रस्ट के चेयरमैन सरदार गुरविंदर सिंह बावा, गुरु नानक खालसा कॉलेज के रिप्रेजेंटेटिव, पटना साहिब बोर्ड के एसोसिएट मेंबर जसवीर सिंह धाम, श्री गुरु सिंह सभा इंदौर के प्रेसिडेंट हरपाल सिंह मोनू भाटिया, मेहर सिंह रंधावा (मुंबई), डॉ. जसवीर कौर मक्कड़ (डायरेक्टर, खालसा कॉलेज मुंबई) और डॉ. हरमीत सिंह सलूजा (CEO, चार साहिबज़ादे MRI सेंटर) के साथ कई जाने-माने लोग मौजूद थे. कुल मिलाकर, यह इवेंट जोश और अच्छे माहौल में खत्म हुआ और वहां मौजूद लोगों ने कहा कि यह पहल समाज के लिए बहुत फायदेमंद होगी.

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास संपादकीय

## युवाओं की जिंदगी पर गहराता खतरा

देश में महानगरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक में नशीले पदार्थों का जाल लगातार फैलता जा रहा है. इसका सबसे ज्यादा और गहरा प्रभाव युवा वर्ग पर पड़ रहा है, जो उनके भविष्य और जान दोनों को खतरे में डाल रहा है. यह केवल व्यक्तिगत ही नहीं, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी बड़ी चुनौती बन गया है. युवाओं के सामूहिक रूप से नशीले पदार्थों का इस्तेमाल करने के लिए विशेष आयोजन की खबरें भी अक्सर आती रहती हैं. मगर, अब इस तरह के आयोजनों का स्वरूप भी बदल रहा है.

ऐसी ही एक घटना हाल ही में मुंबई के गोरेगांव में सामने आई, जहां नशीले पदार्थों के अत्यधिक सेवन से प्रबंधन संस्थान में पढ़ाई करने वाले दो विद्यार्थियों की मौत हो गई. ये दोनों अपने दोस्तों के साथ एक संगीत कार्यक्रम में आए थे. सवाल है कि जब नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री और खरीद के खिलाफ कानून में सख्त प्रावधान है, तो फिर युवाओं की इन तक आसानी से पहुंच कैसे संभव हो पा रही है?

यह बात छिपी नहीं है कि नशीले पदार्थों की बिक्री और इनके सेवन के लिए नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं. 'रेव पार्टी' की बजाय अब संगीत कार्यक्रमों की आड़ में इस तरह के आयोजन किए जाते हैं. पुलिस के मुताबिक, गोरेगांव में संगीत कार्यक्रम में भाग लेने आए जिन दो छात्र-छात्रा की मौत हुई, वे पहले से नशा करके आए थे और उन्होंने कार्यक्रम के दौरान फिर से नशीले पदार्थ का सेवन किया.

यह बेहद चिंताजनक है कि पिछले कुछ वर्षों में मनोरंजन की आड़ में युवाओं में नशाखोरी की प्रवृत्ति बढ़ी है, लेकिन इस पर अंकुश लगाने के लिए सरकार और प्रशासन के स्तर पर गंभीरता से प्रयास करने की इच्छाशक्ति कहीं नजर नहीं आती है. जबकि युवाओं में नशाखोरी की बढ़ती प्रवृत्ति से आपराधिक घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं. हैरानी की बात है कि मुंबई जैसे महानगर में संगीत कार्यक्रमों की अनुमति देने से पहले प्रशासन की ओर से जांच और निगरानी की जरूरत महसूस नहीं की जाती है. जब तक सख्त कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ सामाजिक स्तर पर सतर्कता नहीं बरती जाएगी, तब तक यह समस्या हल नहीं हो पाएगी. आमतौर पर नशा न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि मानसिक और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है. यह आदत कब लत में तब्दील हो जाए, पता नहीं चलता. आदत को एक सकारात्मक अवधारणा के तौर पर देखा जाता है, जबकि लत या व्यसन एक नकारात्मक अवधारणा है.

विमर्श

# समानता का जयघोष है महिला आरक्षण

भारतीय संस्कृति में नारी को पूजनीय और शक्तिस्वरूपा कहा गया है. 'नृ' धातु से व्युत्पन्न नारी शब्द का अर्थ ही है नेतृत्व करने वाली. प्राचीन भारत में लोपामुद्रा, मैत्रेयी और गार्गी, अपाला, मुग्दलानी जैसी अनेक नारियों ने तत्कालीन समाज, राजनीति तथा दर्शन को नई दिशा प्रदान करने में अपनी भूमिका निभाई. स्वाधीनता आंदोलन में भी हमारी नारी शक्ति ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. दुर्भाग्य से स्वतंत्रता के बाद राजनीतिक नेतृत्व के स्तर पर महिलाओं का स्थान गौण होता गया. कई दलों ने इस समस्या को स्वीकार तो जरूर किया, लेकिन वे इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कर सके. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करके देश की नारियों को वह स्थान दिलाया, जिसकी वे हकदार हैं. अब बारी इसके क्रियान्वयन की है.

लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्याय की अवधारणा समानता की नींव पर टिकी होती है. यदि महिला और पुरुष के राजनीतिक प्रतिनिधित्व में असमानता होगी तो वह व्यवस्था सच्चे अर्थों में लोकतांत्रिक नहीं कहलाएगी. नारी शक्ति वंदन अधिनियम राजनीतिक समानता का जयघोष है. इससे भारतीय नारी को नीति निर्धारण के सर्वोच्च मंचों पर न्यायसंगत स्थान मिलेगा. इससे लोकतंत्र को व्यापक प्रतिष्ठा प्राप्त होगी. इस अधिनियम की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि देखें तो इसका सफर 30 वर्षों से भी ज्यादा लंबा



रहा. अनेक दलों के घोषणापत्रों का अंग होते हुए भी यह मुद्दा हाशिए पर ही रहा. एक समय तो सपा और राजद जैसे दलों ने इसका विरोध भी किया.

मोदी सरकार ने 2023 में सभी दलों को महिला आरक्षण के लिए राजी कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम' (106वां संवैधानिक संशोधन) पारित कर लोकसभा तथा विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रविधान किया. इसमें एससी-एसटी वर्गों की महिलाओं के लिए भी एक तिहाई सीटें आरक्षित होंगी. निःसंदेह पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी के अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं, पर नीति निर्माण की शीर्ष प्रक्रिया में महिलाओं की भूमिका लगभग नगण्य है. वर्तमान में लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी 15 प्रतिशत से भी कम है. इस अधिनियम से लोकसभा की सीटें मौजूदा 543 से बढ़ाकर 850 हो जाएंगी. इसी तरह विधानसभाओं में भी सीटें बढ़ेंगी. इससे नीति-निर्माण के स्तर पर महिलाओं की आवाज सशक्त होगी.

राजनीतिक प्रक्रिया में नारियों के आगमन से संवेदनशीलता, धैर्य तथा करुणा जैसे मूल्यों का समावेश होता है. भारतीय स्त्री जैसे समर्पण के साथ अपने परिवार का भरण-पोषण करती है, ठीक उसी प्रकार एक महिला विधायक या सांसद अपने क्षेत्र की प्राथमिक समस्याओं को सूक्ष्मता से समझ कर उसका निपटान कर सकती है. समाजविज्ञानी अध्ययनों के अनुसार जब सत्ता में महिलाओं की भागीदारी होती है तो सार्वजनिक क्षेत्रों जैसे शिक्षा, जन स्वास्थ्य सुविधाओं, पेयजल आपूर्ति आदि पर अधिक निवेश होता है.

मोदी सरकार की एक विशेषता जो महिलाओं को आकर्षित करती है, वह है महिला सशक्तीकरण के लिए पूर्ण प्रयास. समाज के वंचित वर्गों की महिलाओं को मुख्यधारा में शामिल करने की दिशा में कई योजनाएं चल रही हैं. पीएम आवास, मुद्रा, उज्ज्वला जैसी अनेक योजनाओं से करोड़ों महिलाएं लाभान्वित हुई हैं. महिलाओं के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को नारी शक्ति वंदन अधिनियम पूर्णता प्रदान करता है. यह अधिनियम महिलाओं को 'वोट बैंक' से ऊपर उठाकर 'शक्ति केंद्र' के रूप में स्थापित करेगा. महिलाओं को विधायी शक्ति मिलने से उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों, संपत्ति के अधिकारों और कार्यस्थल पर सुरक्षा जैसे विषयों पर अधिक प्रभावी कानून बनाए जाने की संभावना बढ़ेगी. जब महिलाएं नीति-निर्धारक बनेंगी, तो वे महिला उद्यमिता, स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाली नीतियों को और सशक्त तरीके से लागू करने का प्रयास करेंगी.




**जब हम देते हैं, तो हम पाते हैं कि हम पर बिना माँगे ही अधिक से अधिक वरदानों की वर्षा होती है, और हमारा हृदय दिव्य प्रेम से भर जाता है।**

**- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# भारत पर मंडराया महंगाई बढ़ने का खतरा

पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे वैश्विक संकट का अगर जल्द समाधान नहीं तलाश गया, तो इसके व्यापक एवं दूरगामी परिणाम सामने आ सकते हैं. इससे न केवल ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना बेहद मुश्किल हो जाएगा, बल्कि खाद्य सुरक्षा का संकट गहराने की संभावना भी कई गुना बढ़ जाएगी, जिससे सीधे तौर पर आम आदमी का जीवन स्तर प्रभावित होगा. इसका सबसे ज्यादा असर भारत समेत उन देशों पर पड़ेगा, जो अपनी जरूरतों के लिए आयात पर अधिक निर्भर हैं.

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की ओर से जारी एक रपट में कहा गया है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच टकराव से उत्पन्न हालात के कारण भारत में पच्चीस लाख लोगों के गरीबी की जद में आने का खतरा है. इस आकलन का आधार यह है कि होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से जहां ईंधन, मालभाड़ा और कच्चे माल की लागत बढ़ रही है, वहीं लोगों की आजीविका कमजोर हो रही है, घरेलू क्रय शक्ति घट रही है और खाद्य असुरक्षा बढ़ रही है.

गौरतलब है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच टकराव के मोर्चे स्थायी तौर पर बंद होने की संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही है. दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा के बीच हाल ही में पाकिस्तान के इस्लामाबाद में



दोनों पक्षों के बीच हुई शांति वार्ता बेनतीजा रहने से जहां अमेरिका का रुख फिर से आक्रामक हो गया है, वहीं ईरान भी जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार दिख रहा है. ऐसे में अगर होर्मुज जलमार्ग लंबे समय तक बंद रहा, तो इसका असर दुनिया भर में ऊर्जा के गंभीर संकट के रूप में सामने आएगा.

भारत की बात की जाए, तो वह अपनी नब्बे फीसद से अधिक तेल जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है और कच्चे तेल का चालीस फीसद से अधिक तथा एलपीजी का नब्बे फीसद आयात पश्चिम एशिया से किया जाता है. इसके अलावा, उर्वरक आयात का पैंतालीस फीसद से अधिक हिस्सा भी इसी क्षेत्र से आता है. इस बात पर गौर करना भी जरूरी है कि भारत के कुल निर्यात का चौदह फीसद और आयात का करीब इक्कीस फीसद व्यापार पश्चिम एशिया से जुड़ा है. ऐसे में यह समझना मुश्किल नहीं होगा कि आने वाले दिनों में देश में किस तरह की स्थिति पैदा हो सकती है.

अमेरिका और ईरान के अड़ियल रवैये से पश्चिम एशिया में युद्ध के मोर्चे दोबारा खुलने की आशंकाओं के बीच संयुक्त राष्ट्र की रपट में कहा गया है कि भारत में गरीबी दर 23.9 फीसद से बढ़कर 24.2 फीसद हो सकती है. जबकि वैश्विक स्तर पर 88 लाख लोग गरीबी के जोखिम में आ सकते हैं, जिनमें भारत समेत दक्षिण एशिया के लोग सबसे अधिक होंगे. इस संकट के बाद देश में गरीबी में रहने वालों की संख्या 35.40 करोड़ तक पहुंच सकती है, जो पहले 35.15 करोड़ थी.

जाहिर है कि देश की आबादी के एक बड़े हिस्से के लिए जीवन-यापन से संबंधित नई मुसीबतें खड़ी हो जाएंगी. इसमें दोराय नहीं कि देश में मौजूदा परिस्थितियों से निपटने के लिए सरकार की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इससे निश्चित तौर पर सरकारी बजट पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है और ऐसे में ज्यादा दिन तक स्थिति को संभालना आसान नहीं होगा. ऐसे में जरूरी है कि सरकार ऊर्जा के नए स्रोत तलाशने के साथ-साथ आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए वैकल्पिक उपायों पर गंभीरता से काम करे, ताकि संभावित संकट के असर को कम किया जा सके.

# जबलपुर में मिला विशालकाय दुर्लभ मशरूम

जरा हट के

जबलपुर की पहाड़ियां इन दिनों चर्चा का केंद्र बनी हुई हैं. ऐतिहासिक मदन महल के जंगलों में एक ऐसा दुर्लभ मशरूम मिला है, जिसे देखकर हर कोई दंग है. यह मशरूम आमतौर पर भारत में नहीं बल्कि सात समंदर पार उत्तरी अमेरिका के जंगलों में पाया जाता है. दरअसल जबलपुर शहर के प्रकृति प्रेमी और सिविल इंजीनियर माधव नामदेव को फोटोग्राफी का जुनून है. इसी के चलते वह मदन महल स्थित शैलपर्ण उद्यान में प्रकृति की तस्वीरें ले रहे थे, तभी उनकी नजर एक सूखे पेड़ के तने पर पड़ी. वहां एक विशालकाय मशरूम किसी सफेद छतरी की तरह फैला हुआ था.

माधव नामदेव ने कहा कि इस जंगल में 15 से ज्यादा प्रजातियों के मशरूम देखे हैं लेकिन एक फीट से ज्यादा घेरे वाला यह मशरूम उन्होंने पहली बार देखा.

उन्होंने बताया कि जब इस



मशरूम की फोटो के जरिए रिसर्च की गई, तो बड़े चौंकाने वाले तथ्य सामने आए. इस मशरूम को 'बोंडारजेविया बर्कलेई' कहा जाता है. यह मुख्य रूप से अमेरिका में ओक के पेड़ों पर उगता है. यह काफी वजनदार और बड़े छाते जैसा होता है. इसे बर्कले का पॉलीपोर भी कहा जाता है, जिसका घेरा 50 से 100 सेंटीमीटर तक चौड़ा हो सकता है. यह पंखुडियों के गुच्छे के रूप में उगता है, जिसका रंग क्रीम, मटमैला या हल्का भूरा होता है. इस मशरूम के भारत में जानकार कम हैं लेकिन कुछ आदिवासी इसका इस्तेमाल देसी दवाइयां बनाने में करते हैं. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, जंगल में मिलने वाले ज्यादातर मशरूम जहरीले होते हैं. मदन महल में मिला यह मशरूम दिखने में तो खूबसूरत है लेकिन यह आम लोगों के लिए खाने योग्य नहीं है. केवल कुछ विशेष जनजातियों के पास ही इसे प्रोसेस करके खाने की पारंपरिक जानकारी होती है.

मदन महल किले के पास 1000 एकड़ में फैला शैलपर्ण उद्यान जैव विविधता का खजाना है. विशाल काली चट्टानों के बीच यहां सैकड़ों किस्म के पेड़-पौधे और जीव-जंतु रहते हैं. इस दुर्लभ विदेशी मशरूम के मिलने से अब प्रकृति प्रेमियों और रिसर्च करने वालों की दिलचस्पी इस इलाके में और बढ़ गई है.

# बेल का शरबत

खाना-खजाना

गर्मी के मौसम के लिए सबसे फायदेमंद फलों में बेल का नाम सबसे ऊपर आता है. यह ऊपर से कठोर होता है और अंदर का गूदा मुलायम होता है. यह फल स्वाद में तो लाजवाब होता ही है, साथ ही, सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद होता है. गर्मी की तपती धूप में खुद को ठंडा और हाइड्रेटेड रखने के लिए बेल का जूस पीना काफी फायदेमदं साबित हो सकता है. आइए जानें बेल का शरबत पीने से सेहत को क्या-क्या फायदे मिलते हैं और घर पर कैसे इसे बना सकते हैं.

### सामग्री-

- 1 पका हुआ बेल
- ठंडा पानी
- गुड़ या मिश्री
- काला नमक
- जीरा पाउडर
- पुदीने की पत्तियां

### बनाने की विधि

सबसे पहले बेल को किसी सख्त चीज से मार कर दो हिस्सों में तोड़ लें और एक बड़े बर्तन में चम्मच की मदद से बेल के अंदर का सारा गूदा निकाल लें.

इस गूदे में 2 से 3 गिलास ठंडा पानी डालें और इसे 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें. इससे गूदा नरम हो जाएगा.



हाथों को अच्छी तरह धोकर गूदे को पानी में अच्छी तरह मैश कर लें. ध्यान रहे इसे मिक्सी में न चलाएं, क्योंकि बेल के बीज कड़वे होते हैं और मिक्सी में पिसने पर जूस का स्वाद खराब हो सकता है.

जब गूदा पानी में अच्छी तरह मिल जाए, तो इसे एक बड़ी छलनी से छान लें ताकि बीज और रेशे अलग हो जाएं.

छने हुए जूस में स्वादानुसार पिसी हुई मिश्री या गुड़ मिलाएं. इसमें एक चुटकी काला नमक और भुना जीरा पाउडर डालकर अच्छी तरह मिक्स करें.

तैयार जूस को गिलास में डालें, ऊपर से पुदीने की पत्तियां और बर्फ के टुकड़े डालकर ठंडा-ठंडा सर्व करें.

# गर्मी-लू से बचने के लिए खान-पान में सावधानी जरूरी

तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच चुका है. तपती धूप और गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है. ऐसे में लू से बचने के लिए सिर्फ बाहरी सुरक्षा काफी नहीं. इस बात पर ध्यान देना भी उतना ही जरूरी है कि आप क्या खा-पी रहे हैं. गर्मी के मौसम में पोषण का ध्यान रखना काफी जरूरी है, वरना कमजोरी और चक्कर आने की समस्या हो सकती है. इसलिए डाइट में ऐसी चीजों को शामिल करना चाहिए, जो शरीर को ताकत भी दें और ठंडा भी रखें, ताकि गर्मी से मार से राहत मिले. आइए जानें तपती गर्मी में क्या खाना चाहिए और किन चीजों से परहेज करना चाहिए.

### हीटवेव में क्या खाएं?

गर्मी से लड़ने के लिए आपके शरीर को ऐसे फूड्स की जरूरत होती है जो पानी से भरपूर हों और तासीर में ठंडे हों-

**पानी से भरपूर फल और सब्जियां-** तरबूज, खरबूजा, खीरा और ककड़ी को खूब सारी मात्रा में खाएं. गर्मियों के लिए ये सुपरफूड हैं. इनमें पानी की मात्रा बहुत ज्यादा होती है, जो आपके शरीर में हाइड्रेटेड रखते हैं.

**नारियल पानी और छाछ-** नारियल पानी नेचुरल इलेक्ट्रोलाइट्स का सबसे अच्छासोर्स है. वहीं, एक गिलास ठंडी छाछ न केवल शरीर को ठंडा रखती है, बल्कि पाचन में भी सुधार करती है.

**देसी ड्रिंक्स-** भारत में सदियों से सत्तू को गर्मी का रामबाण इलाज माना गया है. यह शरीर को तुरंत एनर्जी देता है और लू से बचाता है. इसी तरह, कच्चे आम से बना आम पन्ना लू लगने के जोखिम को कम



करता है और शरीर को रिफ्रेश करता है.

**खट्टे फल-** संतरा, नींबू और मौसंबी जैसे खट्टे फलों में विटामिन-सी और पानी से भरपूर होते हैं, जो इम्युनिटी बढ़ाने और गर्मी से लड़ने में मदद करते हैं.

### किन चीजों से करें सख्त परहेज?

गर्मी के मौसम में कुछ चीजें आपके शरीर के तापमान को बढ़ा सकती हैं और डिहाइड्रेट भी करती हैं, जिससे हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है-

**ज्यादा नमक और मिर्च-मसाले-** ज्यादा नमक वाला खाना शरीर से पानी सोख लेता है, जिससे डिहाइड्रेशन की समस्या बढ़ सकती है. वहीं मसालेदार खाना शरीर में गर्मी पैदा करता है.

**तला-भुना और हैवी खाना-** समोसे, पकौड़े या ज्यादा तेल वाला खाना पचाने में शरीर को बहुत मेहनत करनी पड़ती है, जिससे भारीपन महसूस होता है और अपच की समस्या हो सकती है.

**हाई प्रोटीन मीट-** गर्मी के मौसम में पाचन तंत्र धीमा हो जाता है. ऐसे में रेड मीट या ज्यादा मात्रा में मीट खाना पाचन को परेशान कर सकता है.

**शुगरी और कोल्ड ड्रिंक्स-** लोगों को लगता है कि कोल्ड ड्रिंक राहत देती है, लेकिन इनमें मौजूद चीनी और कार्बोनेशन शरीर में पानी की कमी का कारण बन सकते हैं.

**ज्यादा मात्रा में चाय और कॉफी-** कैफीन के कारण बार-बार पेशाब आने की समस्या होती है, जिससे शरीर का पानी बाहर निकल जाता है. इससे बॉडी डिहाइड्रेट हो सकती है. इसलिए गर्मी के मौसम में सीमित मात्रा में ही चाय या कॉफी पिएं.

## आज का राशिफल

**मेष** : मेहनत का फल मिलेगा. सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी. मान-सम्मान मिलेगा. कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा. किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय बढ़ेगा. शारीरिक कष्ट संभव है. अज्ञात भय सताएगा. चिंता तथा तनाव रहेंगे. किसी मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी. बुरे लोगों से दूर रहें.

**वृषभ** : दूर से सुखद सूचना मिल सकती है. घर में मेहमानों का आगमन होगा. व्यय होगा. आत्मविश्वास में वृद्धि होगी. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. बड़ा काम करने का मन बनेगा. परिवार का सहयोग मिलेगा. प्रसन्नता रहेगी. बुद्धि का प्रयोग करें. लाभ बढ़ेगा. अच्छा समय बीतेगा.

**मिथुन** : नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा. यात्रा मनोरंजक रहेगी. भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा. नए मित्र बनेंगे. नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बन सकती है. व्यवसाय लाभदायक रहेगा. शुभ समय.

**कर्क** : पारिवारिक चिंता बनी रहेगी. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है. विवाद को बढ़ावा न दें. किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं. कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय भावना में बहकर न करें. बुद्धि का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा. आय बनी रहेगी. थकान महसूस होगी.

**सिंह** : परिवार तथा मित्रों के साथ कोई मनोरंजक यात्रा का आयोजन हो सकता है. रुका हुआ पैसा मिलने का योग है. मित्रों के सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे. नया कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी. नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रशंसा प्राप्त होगी. समय अनुकूल है. आलस्य त्यागकर प्रयास करें.

**कन्या** : कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है. योजना फलीभूत होगी. कारोबार में वृद्धि पर विचार हो सकता है. नौकरी में अधिकारीगण प्रसन्न रहेंगे. मातहतों का सहयोग मिलेगा. पारिवारिक चिंता बनी रहेगी. व्यापार में मनोनुकूल लाभ होगा. उत्साह व प्रसन्नता रहेगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. शुभ समय.

**तुला** : किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की आयोजना हो सकती है. सत्संग का लाभ मिलेगा. पारिवारिक सहयोग मिलेगा. घर-बाहर सुख-शांति रहेगी. किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन सहायता प्राप्त होगी. धन प्राप्ति में बाधाएं दूर होंगी. ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा व्यय हो सकता है.

**वृश्चिक** : चोट व दुर्घटना से हानि संभव है. लापरवाही न करें. किसी व्यक्ति से व्यर्थ विवाद हो सकता है. मानसिक क्लेश होगा. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. चिंता तथा तनाव रहेंगे. आय में कमी हो सकती है. व्यापार ठीक चलेगा. लोगों से अधिक अपेक्षा न करें.

**धनु** : जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे तथा समस्या बढ़ सकती है. विरोध होगा. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी. बाहर जाने की योजना बनेगी. किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग कार्य में आसानी देगा. घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे. नौकरी में चैन रहेगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा.

**मकर** : भूमि, भवन, दुकान, शोरूम व फैक्टरी इत्यादि की खरीद-फरोख्त हो सकती है. बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं. भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे. विवाद को बढ़ावा न दें. कुसंगति से बचें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. धन प्राप्ति सुगम होगी. मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. प्रसन्नता रहेगी.

**कुंभ** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है. कोई मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. परिवार में प्रसन्नता रहेगी. जल्दबाजी से हानि संभव है. शरीर कष्ट से बचें.

**मीन** : दूसरे से अधिक अपेक्षा करेंगे. जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी. दौड़धूप अधिक रहेगी. बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें. बनते कामों में देरी होगी. चिंता तथा तनाव रहेंगे. मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा. नौकरी में कार्यभार रहेगा. आय में निश्चितता रहेगी.

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# कैसे चुनें पानी वाला नारियल

कई लोग रोज नारियल पानी पीना पसंद करते हैं लेकिन समस्या तब आती है जब महंगा नारियल खरीदने के बाद उसमें पानी बहुत कम निकलता है. यही वजह है कि सही नारियल चुनना बहुत जरूरी हो जाता है. अगर आपको सही पहचान आ जाए तो हर बार अच्छा और पानी से भरा नारियल मिल सकता है और पैसे भी पूरी तरह वसूल हो जाते हैं.

### सही साइज वाला नारियल

अक्सर लोग सोचते हैं कि जितना बड़ा नारियल होगा उसमें उतना ज्यादा पानी होगा, लेकिन असल में ऐसा नहीं होता. बहुत बड़े नारियल में कई बार मलाई ज्यादा बन जाती है और पानी कम हो जाता है. वहीं बहुत छोटे नारियल कच्चे हो सकते हैं. सबसे सही ऑप्शन होता है मीडियम साइज का नारियल. इसमें पानी और मलाई का बैलेंस सही रहता है और आपको अच्छा स्वाद भी मिलता है. इसलिए अगली बार जब नारियल खरीदें तो न बहुत बड़ा और न बहुत छोटा बल्कि बीच वाला साइज चुनें.

### आवाज से पहचानें पानी की मात्रा

नारियल को कान के पास ले जाकर हिलाने की ट्रिक आपने जरूर सुनी होगी लेकिन इसका सही मतलब समझना जरूरी है. अगर नारियल को हिलाने पर पानी की तेज आवाज आती है तो समझ लें कि उसमें पानी कम है और अंदर खाली जगह ज्यादा है. ऐसा



नारियल लेने से बचना चाहिए. वहीं अगर नारियल भारी लगता है और हिलाने पर आवाज बहुत हल्की या बिल्कुल नहीं आती तो इसका मतलब है कि उसमें पानी भरपूर है. यह छोटी सी ट्रिक आपको सही नारियल चुनने में बहुत मदद कर सकती है.

### सूखे कवर वाला नारियल क्यों होता है बेहतर

ज्यादातर लोग हरे और चमकदार नारियल को ही ताजा मानते हैं लेकिन असल सच्चाई थोड़ी अलग है. जिन नारियल का बाहरी छिलका हल्का सूखा या भूरा दिखता है वे अक्सर पूरी तरह पके होते हैं और उनमें पानी ज्यादा होता है. ऐसे नारियल काटने पर कई बार 2 से 3 गिलास तक पानी निकल आता है. इसलिए अगली बार सिर्फ दिखावे पर मत जाएं बल्कि थोड़ा सूखा दिखने वाला नारियल भी जरूर चेक करें.

# गार्डन की शान अमरिलिस लिली

जैसे-जैसे सूरज की तपिश बढ़ रही है, बागवानी के शौकीनों के बीच उन फूलों की तलाश तेज हो गई है जो गर्मी में टिक सकें. इस फेहरिस्त में सबसे ऊपर नाम आता है 'अमरिलिस लिली' का. इसे स्थानीय भाषा में लोग सिर्फ लिली के नाम से भी जानते हैं. इस फूल की बनावट इतनी शानदार और शाही होती है कि यह किसी भी साधारण बगीचे को खास बना देता है. गाजीपुर के नर्सरी एक्सपर्ट शिववचन माली ने इस पौधे को घर में उगाने के कुछ ऐसे सरल तरीके बताए हैं, जिन्हें अपनाकर आप भी अपने घर को फूलों से सजा सकते हैं.

शिववचन माली बताते हैं कि अमरिलिस लिली का जीवन चक्र बड़ा ही निराला और समय का पाबंद है. मार्च लास्ट में इसकी हरी पत्तियों के बीच से एक मजबूत डंठल यानी डंडी निकलना शुरू होती है. अप्रैल आते-आते यह डंठल फूलों से लद जाता है. खास बात यह है कि एक ही डंडी पर एक साथ 4, 6 या कभी-कभी 8 फूल तक खिलते हैं. रंगों के मामले में भी यह पौधा काफी बढ़िया है. यह सफेद, नीला, पीला, गहरा गुलाबी और हल्का



गुलाबी जैसे पांच आकर्षक रंगों में मिलता है, जो चिलचिलाती धूप में आंखों को सुकून देते हैं.

माली शिववचन के अनुसार यह पौधा प्याज जैसी दिखने वाली एक गांठ यानी 'बल्ब' से तैयार होता है. इसे उगाने का सबसे सही समय बरसात का मौसम है जब इसे मिट्टी में दबाने पर यह आसानी से जड़ पकड़ लेता है. इसके लिए आपको बहुत ज्यादा तामझाम करने की भी जरूरत नहीं है. बस एक गमले में सामान्य मिट्टी लें और उसमें थोड़ी सी पुरानी गोबर की खाद या कंपोस्ट खाद मिला दें. इसे बहुत ज्यादा पानी की जरूरत भी नहीं होती, बस इतना ध्यान रखें कि मिट्टी में हल्की नमी बनी रहे, उतने में ही यह खुशी-खुशी बढ़ता रहता है.

हॉर्टिकल्चर एक्सपर्ट वशिष्ठ यति ने इस पौधे को लेकर एक जरूरी चेतावनी भी दी है. उनका कहना है कि अमरिलिस लिली जितना सुंदर है, उतना ही यह पालतू पशुओं के लिए परेशानी भरा हो सकता है. अगर आपके घर में गाय या बकरी जैसे जानवर हैं, तो इस पौधे को उनसे दूर रखें क्योंकि इसे खाने पर पशुओं को उल्टी या जी मिचलाने जैसी शिकायत हो सकती है.

वहीं अंतरराष्ट्रीय शोध बताते हैं कि इस पौधे का असली घर ब्राजील और पेरू है और इसे 18 से 25 डिग्री के बीच का तापमान सबसे ज्यादा पसंद आता है. वैज्ञानिकों का यह भी कहना है कि आप जितनी बड़ी और स्वस्थ गांठ मिट्टी में बोएंगे, फूलों की चमक और उनकी संख्या उतनी ही ज्यादा होगी.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### लखनऊ की बस्ती में आग से फटे सिलेंडर

लखनऊ में टेढ़ी पुलिया के पास झुग्गी बस्ती में भीषण आग के कारण एलपीजी सिलेंडर फटे. महानिदेशक अग्निशमन खुद पहुंचे मौके पर और दमकल विभाग को निर्देश दिए. दमकल की टीम ने 8 घंटे की मशक्कत के बाद आग काबू में ली. इसमें जनहानि नहीं हुई लेकिन कई झुग्गियां और घरेलू सामान जलकर खाक, हो गए.

### बेटे ने फावड़े से किया हमला, खरबूज की फसल भी जोत डाली

बाराबंकी में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मारपीट, घरेलू विवाद और जमीन संबंधी झगड़ों के कई मामले सामने आए हैं. पुलिस ने प्राप्त तहरीरों के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. फतेहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भटपुरवा निवासी हंसराज (70) ने अपने पुत्र सतीश चन्द्र पर शराब के नशे में आए दिन मारपीट करने का आरोप लगाया है. पीड़ित के अनुसार आरोपी बेटे ने फावड़े से हमला कर उन्हें घायल कर दिया और खेत में लगी खरबूजे की फसल भी जोत डाली. साथ ही वाहन को लेकर भी विवाद की बात सामने आई है.

### डंपर ने बाइक सवार सब्जी कारोबारी को रौंदा, मौके पर मौत

रायबरेली के कस्बा सलोन के नवीन मंडी से सब्जी का कारोबार करके अपने घर परशदेपुर को मोटरसाइकिल से लौट रहे 45 वर्षीय सब्जी व्यवसायी की सलोन परशदेपुर मार्ग स्थित गद्दीपुर गांव के सामने में रोड पर डंपर की टक्कर से उसकी घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि मोटरसाइकिल पर पीछे बैठा उसका पुत्र घायल हो गया है . घटना के बाद डंपर का ड्राइवर मौके पर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया. इस घटना की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. घटनास्थल पर पहुंचे उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है.

### घर से मोबाइल बनवाने निकला युवक तीन दिन भी नहीं लौटा

बाराबंकी के बड्डूपुर थाना क्षेत्र में एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है. मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है. ग्राम मौलाबाद पोस्ट कतुरी कला, निन्दूरा निवासी सुमित्रा देवी ने अपने बेटे विवेक सिंह (21) के गुम होने की रिपोर्ट कोतवाली बड्डूपुर में दर्ज कराई है. परिजनों ने बताया कि विवेक सिंह 13 अप्रैल 2026 को घर से मोबाइल बनवाने के लिए निकला था, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा.

काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग सका, जिसके बाद परिवार ने पुलिस की शरण ली. गुमशुदा युवक का हुलिया बताया गया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है. वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

# 'तौसीफ बोला- शिव भगवान नहीं, ब्रह्माजी को गाली दी'

- हनीमून की डिटेल पूछता, प्राइवेट पार्ट घूरता
- TCS केस में अब तक कितने खुलासे

**नासिक.** 'मई 2025 की बात है, मैंने सोमवार का व्रत रखा था. तभी तौसीफ अत्तार पास आया और मेरी टेबल पर रखी महादेव की मूर्ति देखकर बोला कि क्या ये सच में भगवान हैं. अगर पार्वती ने गणेश को जन्म दिया, तो इन्हें क्यों नहीं पता था. फिर हंसने लगा. वो अक्सर हिंदू धर्म और देवी-देवताओं का मजाक उड़ाता था. एक दिन उसने कहा कि ब्रह्मा ने अपनी बेटी के साथ गलत काम किया था.'

'तौसीफ ऑफिस में बिजनेस प्रोसेस लीडर है. हम एक टीम में नहीं थे, फिर भी वो मेरे पास आता और निजी जिंदगी के बारे में बातें करता. पूछता कि क्या तुम्हारा बॉयफ्रेंड है. वो ऑफिस की लड़कियों को सिर से पैर तक घूरता और आंख मारता. मैंने सीनियर्स से शिकायत की, लेकिन कुछ नहीं हुआ, इसलिए पुलिस के पास जाना पड़ा.'



ये आपबीती 25 साल की उस लड़की की है, जिसकी शिकायत के बाद नासिक पुलिस ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) के 7 अधिकारियों को गिरफ्तार किया है. 26 मार्च से 3 अप्रैल के बीच 9 महिलाओं ने FIR दर्ज कराई. उन्होंने कंपनी के मुस्लिम टीम लीडर्स और HR मैनेजर पर सेक्शुअल हैरेसमेंट समेत जबरन धर्म परिवर्तन जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं.

### नई फीमेल वर्कर्स को टारगेट कर ब्रेनवॉश का पैटर्न

नासिक पुलिस की SIT के अफसर ने बताया कि मामले के तार ह्यूमन ट्रैफिकिंग, धर्मांतरण और विदेशी फंडिंग से भी जुड़े हो सकते हैं. इसकी जांच हो रही है. आरोपियों के बैकग्राउंड और ऑफिशियल रिकॉर्ड्स देखे जा रहे हैं. पीड़ित महिलाएं महाराष्ट्र पुलिस की निगरानी में हैं.

SIT से जुड़े सोर्स कहते हैं, 'पहली FIR 26 मार्च को देवलाली कैंप पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी. इसके बाद 8 और महिलाओं ने शिकायत दर्ज कराई. इनके बयानों से यौन शोषण, जोर-जबरदस्ती और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का पैटर्न सामने आया है.'

'ज्यादातर गवाही में पाया गया कि पीड़ित महिलाओं को पहले अलग-अलग तरीकों से अप्रोच किया गया. फिर नौकरी के दबाव, प्रमोशन और काम सिखाने के बहाने टारगेट किया गया. पुलिस ने बयानों के आधार पर TCS कंपनी के दानिश शेख, तौसीफ अत्तार, रजा मेमन, शाहरुख कुरैशी, आसिफ अंसारी, शफी शेख और अश्विनी चनानी को गिरफ्तार किया है. कंपनी की HR मैनेजर निदा खान अभी फरार हैं.'

# लेंसकार्ट के ड्रेस कोड पर विवाद

- बिंदी-तिलक पर रोक और हिजाब को मंजूरी देने वाला लेटर वायरल
- CEO पीयूष बंसल बोले- यह पुरानी गाइडलाइन

**नई दिल्ली.** लेंसकार्ट अपने ड्रेस कोड को लेकर विवादों में घिर गई है. सोशल मीडिया पर कंपनी का एक कथित पॉलिसी डॉक्यूमेंट वायरल हुआ है. इसमें कर्मचारियों को बिंदी, तिलक और कलावा पहनने से मना किया गया है, जबकि हिजाब और पगड़ी को शर्तों के साथ मंजूरी दी गई है.

विवाद तब बढ़ा जब एक्टिविस्ट शेफाली वैद्य ने X पर इसका स्क्रीनशॉट शेयर किया.



उन्होंने कंपनी के फाउंडर से पूछा- पीयूष बंसल, क्या आप स्पष्ट कर सकते हैं कि लेंसकार्ट में हिजाब ठीक है लेकिन बिंदी और कलावा क्यों नहीं? इसके बाद लोगों ने लेंसकार्ट को ट्रोल किया और कंपनी की नीति पर सवाल उठाए.

पीयूष बंसल ने वायरल हो रहे डॉक्यूमेंट को पुराना और गलत बताया. उन्होंने कहा कि यह कंपनी की मौजूदा गाइडलाइन को नहीं दर्शाता. कंपनी सभी धर्मों का सम्मान करती है. देश में हमारे हजारों टीम मेंबर्स हैं जो हर दिन अपने विश्वास और संस्कृति को गर्व के साथ पहनते हैं.

### वायरल डॉक्यूमेंट में क्या लिखा है?

सोशल मीडिया पर शेयर किए गए इस 'ग्रूमिंग गाइड' के मुताबिक, महिला कर्मचारियों को स्टोर में बिंदी या क्लचर लगाने की अनुमति नहीं है. साथ ही, हाथ में पहने जाने वाले धार्मिक धागे (कलावा) या रिस्ट बैंड को भी हटाने का निर्देश दिया गया है. वहीं, इसी डॉक्यूमेंट में लिखा है कि अगर कोई कर्मचारी हिजाब या पगड़ी पहनता है, तो वह काले रंग का होना चाहिए. हिजाब की लंबाई ऐसी हो कि वह कंपनी का लोगो न छुपाए. हालांकि, बुर्का पहनकर स्टोर में काम करने की मनाही की गई है.

# अमेरिका ने ईरान से निकल रहे 10 जहाजों को लौटाया

- 3 दिन में एक ने भी होर्मुज क्रॉस नहीं किया
- इजराइल-लेबनान की बातचीत आज

अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने ईरान के बंदरगाहों से निकलने की कोशिश कर रहे 10 जहाजों को वापस लौटा दिया. अमेरिकी सेना ने ईरान के समुद्री इलाके में नाकाबंदी कर रखी है. अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENTCOM) के मुताबिक, सोमवार से शुरू हुई इस नाकाबंदी के बाद अब तक कोई भी जहाज इसे पार नहीं कर पाया है.

ईरान ने चेतावनी दी है कि



अगर अमेरिका ने नाकाबंदी नहीं हटाई, तो वह खाड़ी (Gulf) इलाके में व्यापार को बाधित कर सकता है.

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि आज इजराइल और लेबनान के नेता जंग खत्म करने पर सीधे बातचीत करेंगे.

यह पिछले 34 साल में दोनों देशों के बीच पहली सीधी बातचीत होगी. इजराइल और लेबनान के नेता आखिरी बार 1991 में मैड्रिड कॉन्फ्रेंस में आमने-सामने बैठे थे.

### अमेरिका-ईरान शांति समझौते के करीब पहुंचे

अमेरिका और ईरान 21 अप्रैल को खत्म हो रहे सीजफायर से पहले समझौते के करीब पहुंच रहे हैं. अमेरिकी मीडिया के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच बातचीत आगे बढ़ी है, हालांकि कुछ मतभेद अब भी बाकी हैं.

इस बीच तेहरान में ईरानी अधिकारियों और पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के बीच अहम बैठक होगी. मुनीर पहले ही ईरान पहुंचकर विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात कर चुके हैं और वे अमेरिकी संदेश लेकर गए हैं. पाकिस्तान, मिस्त्र और तुर्की मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं.

# मोदी बोले-नीयत में खोट को नारी शक्ति माफ नहीं करेगी

**नई दिल्ली.** पीएम मोदी ने गुरुवार को महिला आरक्षण बिल से जुड़े संशोधनों पर कहा कि हमारे देश में जब जब चुनाव आया है उसमें महिलाओं को मिलने वाले इस अधिकार का जिस-जिसने विरोध किया है. उसका हाल बुरे से बुरा किया है. कभी माफी नहीं मिली. उन्होंने कहा कि इसलिए जिनको भी इसमें राजनीति की बू आ रही है वो खुद के परिणामों को देख लें. इसी में फायदा है जो नुकसान हो रहा है उससे बच जाओगे. इसलिए इसे राजनीतिक रंग देने की जरूरत नहीं है. इसलिए हमारी नीयत की खोट को देश की नारी शक्ति कभी माफ नहीं करेगी.

इससे पहले अखिलेश यादव ने कहा- अब भारतीय जनता पार्टी नारी को नारा बनाने की कोशिश कर रही है. जिन्होंने नारी को अपने संगठन में नहीं रखा वे उसके मान सम्मान को कैसे रखेंगे.

बिलों पर चर्चा के लिए 16 और 17 अप्रैल को 15 घंटे का समय तय किया गया है. कल शाम 4 बजे





वोटिंग की जाएगी. संशोधन बिल में लोकसभा सांसदों की संख्या 850 करने का प्रस्ताव है.

यहां कुछ लोगों को लगता है, इसमें कहीं न कहीं मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है. इसका अगर विरोध करेंगे तो स्वभाविक है कि राजनीतिक लाभ मुझे होगा. अगर साथ चलेंगे तो किसी को भी नहीं होगा. फिर अलग पहलू हो जाता है. हमें क्रेडिट नहीं चाहिए जैसे ही पारित हो जाए तो मैं एड देकर सबको धन्यवाद देने तैयार हूं. सबकी फोटो छपवा देंगे. ले लो जी क्रेडिट. सामने से क्रेडिट का ब्लैंक चेक आपको दे रहा हूं.

अगर गांरटी शब्द चाहिए तो मैं वह शब्द भी उपयोग करता हूं, वादा की बात करते हो तो उसे भी इस्तेमाल करता हूं. तमिल में कोई शब्द हो तो मैं उसे भी कहता हूँ. क्योंकि जब नीयत साफ है तो शब्दों का खेल करने की जरूरत नहीं है.

हमारे यहां परंपरा है किसी की नजर न लगे इसके लिए काला टीका लगाते हैं, इसलिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं. दरअसल, पीएम ने डीएमके का नाम लिए बिना जिक्र किया. डीएमके सांसद आज परिसीमन बिल का विरोध करने के लिए काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे थे.

# बंगाल में अधिकारियों के तबादलों पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

- ममता ने कहा- पश्चिम बंगाल के लोग दिल्ली के जमींदारों को मुंहतोड़ जवाब दें

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में चुनाव से पहले प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के तबादले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी. यह तबादले भारतीय चुनाव आयोग द्वारा किए गए थे. चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस मामले में उठाए गए कानूनी प्रश्न को फिलहाल खुला रखा जाएगा.

भाजपा नेता शुवेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में जानबूझकर 'अरबी संस्कृति' को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे



सनातन विरासत कमजोर हो रही है. उन्होंने दावा किया कि भाजपा बंगाल को 'बंगाली हिंदुओं की मातृभूमि' के रूप में सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है.

वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मतदाताओं से कहा कि वे दिल्ली के जमींदारों द्वारा लोगों के मतदान के अधिकार छीनने के प्रयासों का मुंहतोड़ जवाब दें.

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में 200 से अधिक स्थानों को हिंसा-संभावित घोषित किया है. यहां चुनाव और चुनावों के बाद अशांति का इतिहास रहा है.

तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कझगम गुरुवार को चेन्नई में अपना चुनावी घोषणापत्र जारी करेगी. कार्यक्रम नुंगमबक्कम के एक होटल में होगा. तमिलनाडु के मंत्री अंबिल महेश पोय्यामोझी ने केंद्र सरकार के प्रस्तावित परिसीमन विधेयक के विरोध में तिरुचिरापल्ली में अपने आवास पर काला झंडा फहराया.

# बद्रीनाथ पहुंचे CDS, ग्राउंड रियलिटी जांची

- 3 दिन बाद शुरू हो रही चारधाम यात्रा

**देहरादून.** चारधाम यात्रा के शुरू होने से तीन दिन पहले सीडीएस अनिल चौहान आज चमोली स्थित बद्रीनाथ धाम पहुंचे. यहां उन्होंने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इसके बाद हाई लेवल मीटिंग की. मीटिंग में CDS ने कहा यात्रा में आने वाले किसी भी श्रद्धालुओं को परेशानी नहीं आनी चाहिए. सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं.

CDS ने कल से शुरू हो रही सूर्य



देवभूमि चैलेंज 2026 अल्ट्रा ट्रेल रनिंग की तैयारियां देखी. इसके बाद उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए जोश भरा. इस समय केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम की सुरक्षा और देखरेख की जिम्मेदारी ITBP के पास है.

### नीरज चोपड़ा बोले- कल से यहां 113km की दौड़

ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने कहा कि 17 से 19 अप्रैल तक सेना और उत्तराखंड सरकार सूर्य देवभूमि चैलेंज 2.0 शुरू कर रही है. यह 113km अल्ट्रा ट्रेल रनिंग है, जो बद्रीनाथ और केदारनाथ मार्ग पर होगी. नीरज चोपड़ा ने देशभर से युवा इसमें हिस्सा लेने की अपील की है. अल्ट्रा ट्रेल रनिंग को सीडीएस अनिल चौहान ने भी प्रमोट किया.

### कोटा में बस पलटी, बाहर गिरे पैसेंजर्स को ट्रॉले ने कुचला, 3 मौत, 20 घायल

**कोटा.** कोटा में स्लीपर बस के एक्सीडेंट में तीन लोगों की मौत हो गई. हादसे में 20 से ज्यादा पैसेंजर्स घायल हैं. यात्रियों का दावा कि बस के फ्रंट मिरर पर किसी ने पत्थर मारा था, इसलिए ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया.

अनियंत्रित होने के कारण बस डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में घुसकर पलट गई. पलटने के कारण टूटे कांच वाले हिस्से से पैसेंजर्स बाहर सड़क पर गिर गए.

तीन पैसेंजर्स को सामने से आ रहे ट्रॉले ने कुचल दिया. इनमें से दो मृतक मध्य प्रदेश के थे. हादसा आरकेपुरम थाना इलाके में नयागांव पुलिया के पास बुधवार रात करीब 12 बजे हुआ.

पुलिस के अनुसार प्राइवेट कंपनी की बस अहमदाबाद से ग्वालियर-भिंड की तरफ जा रही थी. बस में ज्यादातर सवारियां मध्यप्रदेश की ही थी.

# विनोद कांबली को 'ब्रेन स्ट्रोक' का





- दिमाग में क्लॉटिंग, याददाश्त भी कमजोर
- मदद के लिए पूर्व क्रिकेटर दोस्तों ने वॉट्सएप ग्रुप बनाया

भारतीय क्रिकेट के 'विनोद' यानी विनोद कांबली इन दिनों अपनी जिंदगी की सबसे कठिन पारी खेल रहे हैं. कभी मैदान पर चौके-छक्के जड़ने वाला यह दिग्गज बल्लेबाज आज चलने-फिरने और याददाश्त खोने जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है.

मेडिकल रिपोर्ट्स के मुताबिक, कांबली के दिमाग में एक 'ब्लड क्लॉट' (खून का थक्का) है, जिसकी वजह से उन्हें कभी भी ब्रेन स्ट्रोक आ सकता है.

### भूल जाते हैं कि सिगरेट नहीं पीना है

कांबली के करीबी दोस्त मार्कस कूटो ने बताया कि कांबली की मानसिक स्थिति काफी नाजुक है. उनकी याददाश्त इतनी कमजोर हो गई है कि वे अक्सर भूल जाते हैं कि उन्हें क्या करना है और क्या नहीं. कूटो के मुताबिक, 'कांबली ने शराब छोड़ दी है, लेकिन वे अक्सर भूल जाते हैं कि उन्हें स्मोकिंग नहीं करना है. वे घर के नीचे जाकर राहगीरों या ऑटो वालों से सिगरेट मांग लेते हैं. लोगों को लगता है कि वे 'दिग्गज कांबली' की मदद कर रहे हैं, लेकिन वे नहीं जानते कि यह उनके दिमाग के लिए कितना खतरनाक है.'

### बचपन के दोस्त सचिन और पुराने साथी बने 'सहारा'

कांबली की इस मुश्किल घड़ी में उनके बचपन के दोस्त सचिन तेंदुलकर मजबूती से साथ खड़े हैं. सचिन पर्दे के पीछे से लगातार उनकी मेडिकल जरूरतों का ध्यान रख रहे हैं. इसके अलावा, पूर्व क्रिकेटरों ने एक खास वॉट्सएप ग्रुप बनाया है. इस ग्रुप के जरिए पूर्व खिलाड़ी कांबली के इलाज और उनके परिवार के लिए आर्थिक मदद जुटा रहे हैं.

# सुप्रीम कोर्ट में चुनावों में वोटिंग अनिवार्य करने की मांग : याचिका खारिज

- CJI बोले- जरूरत जागरूकता की है, हम किसी को मजबूर नहीं कर सकते

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को देश में वोटिंग अनिवार्य करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया. कोर्ट ने कहा कि ऐसा आदेश नीतिगत दायरे में आता है और न्यायपालिका इसे जारी नहीं कर सकती.

चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि जान-बूझकर वोट न डालने वालों के लिए दंडात्मक



कार्रवाई की मांग और वोटिंग अनिवार्य बनाने वाली याचिकाओं पर कोर्ट सुनवाई नहीं कर सकता.

बेंच ने PIL याचिकाकर्ता अजय गोयल से कहा कि वे अपनी शिकायतों को लेकर संबंधित पक्षों से संपर्क करें.याचिकाकर्ता ने यह भी मांग की थी कि जो लोग जान-बूझकर वोट डालने से दूर रहते हैं, उनके लिए सरकारी सुविधाओं पर रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाएं.

CJI ने कहा- लोकतंत्र कानूनी दबाव के बजाय जन जागरूकता से फलता-फूलता है. एक ऐसे देश में जो कानून के शासन से चलता है और लोकतंत्र में विश्वास रखता है. जहां हमने 75 सालों में हमने दिखाया है कि हम इस पर कितना भरोसा और विश्वास करते हैं, वहां हर किसी से यह उम्मीद की जाती है कि वह वोट डालने जाए. अगर वे नहीं जाते, तो नहीं जाते. जरूरत जागरूकता की है, लेकिन हम किसी को मजबूर नहीं कर सकते.

### CJI ने चुनाव के दौरान होने वाले परेशानियां भी बताईं

- सुनवाई केदौरान बेंच ने अनिवार्य वोटिंग कानून की व्यावहारिक कठिनाइयों का जिक्र किया और कहा कि चुनाव के दिनों में, जजों समेत कई नागरिकों को काम करना पड़ता है. दरअसल, याचिकाकर्ता ने सुझाव दिया था कि कोर्ट को चुनाव आयोग को निर्देश देना चाहिए कि वह वोट न डालने वालों के लिए सरकारी सुविधाओं पर रोक लगाए.
- इस पर CJI ने घर पर रहने के काम को अपराध बनाने के तर्क पर सवाल उठाया. उन्होंने कहा, 'अगर हम आपका सुझाव मान लेते हैं, तो मेरे साथी जस्टिस बागची को वोट डालने के लिए पश्चिम बंगाल जाना पड़ेगा, भले ही उस दिन काम का दिन हो.'
- बेंच ने समाज के वंचित वर्गों के लिए भी चिंता जताई. बेंच ने पूछा, 'अगर कोई गरीब व्यक्ति कहता है कि मुझे अपनी दिहाड़ी कमानी है, तो मैं वोट कैसे डालूं, हम उनसे क्या कहें.'
- याचिकाकर्ता ने कहा कि चुनाव आयोग को निर्देश दिया जाना चाहिए कि वह एक समिति बनाए, जो उन लोगों पर रोक लगाने के प्रस्ताव दे, जो अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने में नाकाम रहते हैं.

# TIME-100 सूची में रणबीर कपूर, विकास खन्ना, सुंदर पिचाई शामिल

- दुनिया के सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट

**नई दिल्ली.** दुनिया की प्रतिष्ठित TIME मैगजीन ने बुधवार को 2026 की TIME100 सूची जारी की, जिसमें भारत से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियों को शामिल किया गया. इस साल सुंदर पिचाई, रणबीर कपूर और शेफ विकास खन्ना को वैश्विक प्रभाव के लिए सम्मानित किया गया.

हर साल जारी होने वाली यह सूची मनोरंजन, तकनीक, वित्त, खेल, एक्टिवज्म और अकादमिक क्षेत्रों के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची होती है. TIME मैगजीन की TIME100 सूची में



पहले शाहरुख खान, सचिन तेंदुलकर, नरेंद्र मोदी, दीपिका पादुकोण और महात्मा गांधी भी शामिल हो चुके हैं.

मशहूर शेफ विकास खन्ना ने इसे गर्व का क्षण बताया. उन्होंने कहा कहा कि 2026 की TIME100 सूची में शामिल होना मेरे लिए बेहद गर्व की बात है. खन्ना ने इस सम्मान का श्रेय अपने परिवार को दिया. उन्होंने कहा कि उनकी दादी, मां और बहन के त्याग, आशीर्वाद और मार्गदर्शन से वे इस मुकाम तक पहुंच सके हैं.

TIME100 2026 की इस सूची में राल्फ लॉरेन, केट हडसन, ईथन हॉक, मार्क केली और हिलारी नाइट जैसे वैश्विक दिग्गजों को उनके क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए शामिल किया गया है.

### पिछले साल एक भी भारतीय शामिल नहीं था

टाइम मैगजीन की 2025 की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट जारी में किसी भी भारतीय को शामिल नहीं किया गया था. तब 21 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ था, जब लिस्ट में कोई भारतीय नहीं था.

# ईदगाह-इमामबाड़े को बुलडोजर से ढहाया

- भीड़ जुटी तो अफसरों ने खदेड़ा
- महिला बोली- मंदिरों पर एक्शन क्यों नहीं

**संभल.** उत्तर प्रदेश के संभल में ईदगाह और इमामबाड़े पर गुरुवार सुबह 8 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक बुलडोजर की कार्रवाई चली. इसमें ईदगाह और इमामबाड़ा गिरा दिया गया. इमामबाड़े को तोड़ने के लिए चार बुलडोजर लगे. मौके पर 5 थानों की पुलिस फोर्स और एक कंपनी PAC तैनात रही.

इसी बीच, गांव के लोग मौके पर जुट गए. विरोध की आशंका को देखते हुए अफसरों ने उन्हें वहां से खदेड़ दिया. प्रशासन के मुताबिक, करीब 7 बीघा चारागाह की जमीन पर ईदगाह और खाद गड्ढे की भूमि



पर इमामबाड़ा बनाया गया था.

गांव वालों की शिकायत के बाद लेखपाल स्पर्श गुप्ता ने 18 जनवरी को तहसीलदार कोर्ट में अपील दायर की थी. 31 जनवरी को कोर्ट के आदेश पर नोटिस अखबार में छपवाया गया था. इसमें कहा गया था कि जो भी कब्जेदार हैं, वे सामने आएं. हालांकि, कोई भी सामने नहीं आया.

एक ग्रामीण जुबैदा ने कहा कि यह कार्रवाई रुकनी चाहिए. यहां इमामबाड़े और ईदगाह से सभी को सुविधा मिलती थी. गरीबों की बारातें भी यहीं रुकती थीं. उन्होंने सवाल उठाया कि अगर सरकारी जमीन पर निर्माण का मामला है, तो मंदिर भी तो सरकारी जमीन पर बने हैं. लेकिन, कार्रवाई सिर्फ मस्जिदों पर हो रही है.

वहीं, गुरुवार सुबह करीब 7.30 बजे एसडीएम निधि पटेल और नायब तहसीलदार दीपक कुमार जुरैल टीम के साथ मौके पर पहुंचे. वहां कुछ लोग छेनी-हथौड़ी से इमामबाड़ा तोड़ रहे थे. प्रशासन ने उन्हें हटा दिया. मामला कोतवाली संभल क्षेत्र के बिछोली गांव का है.

## संक्षेप...

### भिवंडी मनपा स्थाई समिति सदस्यों के नाम घोषित

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा के 16 स्थाई समिति सदस्यों के नाम नगर सचिव द्वारा घोषित किए गए हैं.90 नगरसेवकों वाली भिवंडी मनपा में कांग्रेस के सर्वाधिक 30 नगरसेवक चुने गए हैं.दूसरे नंबर पर भाजपा 22,शिवसेना 12,एनसीपी 12,सपा 6,भिवंडी विकास आघाड़ी 3 एवं भिवंडी विकास मंच 1और 1अपक्ष नगरसेवक ने जीत हासिल की है.मनपा स्थाई समिति में संख्याबल के आधार पर कांग्रेस से 5,भाजपा से 4,एनसीपी शरद पवार से 2,शिवसेना 2,

कोणार्क विकास आघाड़ी 1,भिवंडी विकास आघाड़ी 1,सपा 1 स्थाई समिति सदस्य चुने गए हैं.

# मनपा आयुक्त ने मानसून पूर्व कामों का रिव्यू किया

## ■ हर वार्ड में लोगों के साथ मिलकर काम करने के निर्देश

**ठाणे.** प्री-मानसून काम समय पर पूरे किए जाएं और सभी सिस्टम तैयार रहें ताकि नगर निगम के इलाके में मानसून के दौरान लोगों को कोई परेशानी न हो. आज हुई मीटिंग में आयुक्त सौरभ ने सभी डिपार्टमेंट को शहर के निचले इलाकों के साथ-साथ पानी भरने वाले इलाकों पर खास ध्यान देते हुए नाली की सफाई, सीवर की सफाई, गड्ढे भरने, खतरनाक पेड़ों की टहनियों की छंटाई और स्ट्रीट लाइट रिपेयर की प्लानिंग करने के निर्देश दिए, ताकि इमरजेंसी में तुरंत कदम उठाए जा सकें. अर्बन रिसर्च सेंटर में हुई मीटिंग में अतिरिक्त आयुक्त 1 संदीप मालवी,अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे, सभी उपायुक्त, सभी सहायक आयुक्त और अलग-अलग डिपार्टमेंट के हेड मौजूद थे. नगरसेवकों की भागीदारी नागरिकों की समस्याओं को सीधे समझने और काम में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए, हर विभाग को नाले की सफाई की योजना बनाते समय स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय करना चाहिए, यह भी आयुक्त सौरभ राव ने कहा. बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि शहर में रेलवे पुलिया की सफाई नाले की सफाई के साथ-साथ की जानी चाहिए.

मानसून के दौरान, पंपिंग स्टेशन, आपातकालीन व्यवस्था और संबंधित विभागों के साथ समन्वय करके काम किया जाना चाहिए. कमिश्नर ने यह भी कहा कि हर विभाग अपने कार्य क्षेत्र का निरीक्षण करे और लंबित कामों को जल्द से जल्द पूरा करे. योजना इस तरह से बनाई जानी चाहिए कि मानसून के दौरान किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए जनशक्ति



और उपकरण उपलब्ध हों.आयुक्त सौरभ राव ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी अधिकारी और कर्मचारी सतर्क रहें और नागरिकों को राहत सुनिश्चित करें.

### ■ घोड़बंदर रोड को फेरीवालों से मुक्त किया जाना चाहिए

संबंधित उपायुक्त और सहायक आयुक्तों को आज से पूरे घोड़बंदर रोड को फेरीवालों से मुक्त करने के निर्देश दिए गए.आयुक्त ने यह भी कहा कि मॉनसून खत्म होने तक मजीवड़ा, मानपाड़ा, वर्तकनगर इलाकों में देर रात तक गैर-कानूनी तरीके से धंधा करने वाले फेरीवालों के खिलाफ रोजाना कार्रवाई जारी रहनी चाहिए.

### ■ सड़कों का काम 31 मई तक पूरा हो

घोड़बंदर रोड पर सड़क का काम चल रहा है, इस बारे में शहर में सड़कों और गड्ढों की मरम्मत के बारे में MMRDA, मेट्रो और दूसरी सरकारी एजेंसियों से तालमेल बिठाकर चल रहे कामों को 31 मई तक पूरा करने के लिए तालमेल बिठाया जाना चाहिए, अगर काम अधूरे रह गए हैं, तो काम पूरा करके सड़क पर पड़े कंस्ट्रक्शन मटीरियल को हटाकर सड़कों को लोगों के लिए आसान बनाया जाना चाहिए,आयुक्त ने कहा कि इस बारे में सभी संबंधित एजेंसियों को जानकारी दी जानी चाहिए.आयुक्त ने यह भी साफ किया कि गड्ढों की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए हर डिपार्टमेंट में एक तालमेल अधिकारी नियुक्त किया जाना चाहिए और लोगों से मिली शिकायतों पर जल्दी जवाब देकर गड्ढे भरने का काम प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाना चाहिए.

### ■ शहर के निचले इलाकों की लिस्ट तैयार हो

शहर के हर डिपार्टमेंट में निचले इलाकों की अलग लिस्ट बनाने और वहां तुरंत उपाय लागू करने के निर्देश दिए गए हैं. नालों और सीवर की रेगुलर सफाई, जमा हुई गाद (डीसिल्टिंग) हटाने और ज़रूरी जगहों पर और उपाय किए जाएं. हर वार्ड में जहां पानी जमा होने की संभावना है, वहां हाइड्रा मशीन, पंपिंग सिस्टम और मैनपावर तैयार रखे जाएं. साथ ही, पानी जमा होने से रोकने के लिए प्लान्ड एक्शन प्लान बनाकर उसे लागू किया जाए.

### ■ ग्रीन वेस्ट तुरंत इकट्ठा किया जाए

पेड़ों की टहनियों की छंटाई के बाद कई जगहों पर टहनियां और पत्तियां सड़क पर रह जाती हैं, जिससे ट्रैफिक में रुकावट आती है और नालियों और सीवर के जाम होने की संभावना बढ़ जाती है. कमिश्नर ने मीटिंग में हर वार्ड में छंटाई के तुरंत बाद कचरा इकट्ठा करने के लिए अलग टीम और गाड़ियों का इंतज़ाम करने के भी निर्देश दिए.

### ■ स्ट्रीट पोल और खुले केबल की जांच हो

शहर में स्ट्रीट पोल के साथ-साथ खुले केबल की भी जांच होनी चाहिए और जो केबल नाले से गुज़रे हैं, उनकी जानकारी नाले की सफाई के समय संबंधित डिपार्टमेंट को दी जानी चाहिए ताकि नाले की सफाई के दौरान केबल से कोई रुकावट न आए.

### ■ कंट्रोल रूम तैयार रखा जाना चाहिए

मानसून के समय में सभी हालात पर नज़र रखने के लिए कंट्रोल रूम को और बेहतर बनाया जाएगा, और कमिश्नर ने इमरजेंसी हालात में तुरंत जवाब देने के लिए सिस्टम तैयार रखने के भी निर्देश दिए हैं. संबंधित सहायक आयुक्तों को वार्ड कमेटी के हिसाब से कंट्रोल रूम बनाने के भी निर्देश दिए गए.मानसून के समय में लोगों को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए सभी डिपार्टमेंट मिलकर काम करें और समय पर काम पूरा करें.आयुक्त सौरभ राव ने साफ किया कि सभी अधिकारी मानसून के समय अपने मोबाइल फोन चालू रखें.

# स्पा की आड़ में देह व्यापार का भंडाफोड़

■ सात महिलाओं को निकाला गया

■ नवी मुंबई के सीबीडी बेलापुर में कार्रवाई

■ चार महिलाएं थाईलैंड की

**नवी मुंबई.** CBD बेलापुर इलाके में एक स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे देह व्यापार के बड़े रैकेट का नवी मुंबई पुलिस ने पर्दाफाश किया है. इस कार्रवाई में सात महिलाओं को बचाया गया है, जिनमें चार विदेशी नागरिक शामिल हैं. अनैतिक मानव तस्करी



निरोधक कक्ष ने यह कार्रवाई की. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सेक्टर 15 स्थित 'स्पा पैलेस' में मसाज के नाम पर जबरन देह व्यापार कराया जा रहा है. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक पृथ्वीराज घोरपड़े के नेतृत्व में टीम ने जाल बिछाकर एक फर्जी ग्राहक को स्पा सेंटर में भेजा. वहां मैनेजर द्वारा देह व्यापार के लिए पैसों की मांग करते ही पुलिस ने तुरंत छापा मार दिया. छापे के दौरान सात महिलाओं को मुक्त कराया गया. इनमें से चार महिलाएं थाईलैंड की हैं, जबकि दो मिजोरम और एक मणिपुर राज्य की रहने वाली हैं. इस मामले में स्पा सेंटर की मैनेजर नीतू हजारीलाल प्रजापत को गिरफ्तार किया गया है. उसके खिलाफ एनआरआई पुलिस थाना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है. अदालत ने आरोपी को 18 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है. पुलिस इस पूरे मामले की आगे जांच कर रही है और इस रैकेट के मुख्य सरगना की तलाश जारी है.

## फॉरेस्ट लीज़ होल्डर्स के लिए किसान आईडी रजिस्ट्रेशन कैंपेन शुरू

**ठाणे.** राज्य में डिजिटल खेती का इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए भारत सरकार की गाइडलाइंस के मुताबिक एग्रीस्टैक स्कीम लागू की जा रही है।

सरकार के फ़ैसले के मुताबिक, खेती डिपार्टमेंट की अलग-अलग स्कीमों का फ़ायदा उठाने के लिए किसान आईडी रजिस्ट्रेशन ज़रूरी कर दिया गया है।फ़ॉरेस्ट राइट्स एक्ट, 2006 के तहत, अनुसूचित जनजातियों और दूसरे पारंपरिक जंगल में रहने वाले समुदायों को उनकी जंगल की ज़मीन पर अधिकार दिए गए हैं।

# ठाणे में 'संगठन निर्माण अभियान' शुरू

**ठाणे.** कांग्रेस देश के साथ-साथ राज्य में भी संगठन को मजबूत करने के लिए मैदान में उतर गई है. इसी के तहत ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की ओर से पूरे देश में चलाए जा रहे 'संगठन निर्माण अभियान' की शुरुआत ठाणे शहर में हुई है.'संगठन निर्माण अभियान' अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय निरीक्षक पूर्व विधायक नदीम जावेद, राज्य निरीक्षक विधायक अभिजीत वंजारी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, प्रदेश महासचिव, संगठन निर्माण कोंकण प्रभारी गुरुबिंदर सिंह बच्चर के साथ ठाणे का दौरा किया है. इस टीम ने बुधवार को ठाणे कांग्रेस ऑफिस में प्रेस से बातचीत की. इस अवसर पर ठाणे कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण, मुख्य प्रवक्ता राहुल पिंगले, हिंदूराव गालवे और कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे. केंद्रीय निरीक्षक नदीम जावेद ने संगठन निर्माण अभियान को कैसे लागू किया जाएगा, इस बारे में विस्तार से जानकारी दी. जावेद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने साल 2025-2026 को संगठन को समर्पित किया है और ऑल इंडिया लेवल पर कांग्रेस के सीनियर पदाधिकारी संगठन को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं. इसी के तहत सेंट्रल टीम ठाणे आई है और अगले चार से पांच दिनों तक हर चुनाव क्षेत्र और ब्लॉक में जाकर कांग्रेस के सभी लेवल के पदाधिकारियों से बातचीत करेगी. उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले दिनों में संघर्ष करने वाली लीडरशिप का चयन इसी के जरिए किया जाएगा.विधायक अतुल वंजारी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कॉन्सेप्ट पर पूरे राज्य में संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है. क्षेत्रीय और शहर के पदाधिकारियों, अलग-अलग सेल, ब्लॉक और ब्लॉक लेवल के सभी पदाधिकारियों और आम कार्यकर्ताओं से पर्सनल बातचीत करके उनकी राय ली जाएगी. हम यहां नए जिला अध्यक्ष और दूसरे पदाधिकारियों का प्रकार चुनने आए हैं.

अगले चार दिनों तक सेंट्रल इंस्पेक्टर अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के पदाधिकारियों से पर्सनल बातचीत करेंगे और 20 से 21 अप्रैल तक ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी को रिपोर्ट भेजी जाएगी. इसके बाद 10 मई तक जिले में नियुक्तियों की घोषणा की जाएगी.

# वार्ड नंबर 4 में बड़े पैमाने पर सफाई अभियान

**ठाणे.** वर्तक नगर प्रभाग समिति के तहत वार्ड 4 इलाके में आज मेयर शर्मिला पिंपलोलकर की मौजूदगी में बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया गया. इस अभियान में वसंत विहार सर्कल, नलपाड़ा, खेवरा सर्कल, हैप्पी वैली सर्कल, मानपाड़ा सिग्नल के साथ-साथ टिकुजिनी वाडी रोड और आस-पास के इलाकों की सफाई की गई और सड़कों पर पानी डाला गया. इस मौके पर नगरसेवक मुकेश मोकाशी, डिप्टी कमिश्नर दिनेश तायडे, मधुकर तायडे आदि मौजूद थे.

डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के कॉन्सेप्ट के तहत ठाणे शहर में शुरू किया जा रहा बड़े पैमाने पर सफाई



अभियान मेयर शर्मिला पिंपलोलकर के गाइडेंस में सभी वार्डों में बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है.आज वार्ड नंबर 4 में चलाए गए इस अभियान को लोगों से तुरंत रिस्पॉन्स मिला. अभियान की शुरुआत सफाई की शपथ लेकर की गई.सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट डिपार्टमेंट ने करीब 150 सफाई कर्मचारी लगाए थे. इसके लिए दो जेटिंग मशीन, टॉयलेट सैनिटेशन गाड़ी, C&D, JCB, डंपर और छोटे-बड़े साइज़ के 10 बेल ट्रक लगाए गए थे. इस कैंपेन के दौरान कुल 10 टन कचरा और मिट्टी उठाई गई.

इस सफाई कैंपेन में गार्डन डिपार्टमेंट, एनक्रोचमेंट डिपार्टमेंट, फाइलेरिया डिपार्टमेंट और कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे. चीफ सैनिटेशन इंस्पेक्टर मयूरी वखारिया, डिप्टी चीफ सैनिटेशन इंस्पेक्टर लक्ष्मण पुरी, हेमंत चौधरी, कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट के इंजीनियर रणधीर और दूसरे सैनिटेशन इंस्पेक्टर मौजूद थे.लोकल लोगों ने भी इस पहल पर अच्छा रिस्पॉन्स दिया. मेयर शर्मिला पिंपलोलकर ने बताया कि इलाके को साफ और हेल्दी रखने के लिए हर वार्ड में रेगुलर तौर पर एक बड़ा सैनिटेशन कैंपेन चलाया जाएगा.

## नवी मुंबई में दोस्त की पत्थर से कुचलकर हत्या

**नवी मुंबई.** दिघा इलाके में जन्मदिन की पार्टी के दौरान मामूली विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया, जहां शराब के नशे में पांच दोस्तों ने मिलकर अपने ही एक मित्र की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी. प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुराने विवाद को लेकर शुरू हुई कहासुनी जल्द ही मारपीट में बदल गई. इसी दौरान आरोपियों ने मिलकर युवक पर पत्थर से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद रबाळे पुलिस थाना ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत कार्रवाई की और सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है. रबाले एमआईडीसी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुनील वाघमारे ने बताया कि जन्मदिन की पार्टी के दौरान हुए विवाद में युवक की हत्या की घटना सामने आई है.

### आम सूचना

मैं श्रीमती प्रगती रितेश हिंगोले सभी को सूचित कर रही हूं कि पोर्शन आफ रुम, भैय्यासाहेब आंबेडकर नगर, उल्हासनगर- 2 (टैक्स नं. 19बीओ016187700) उक्त प्रॉपर्टी श्री चंद्रकांत रामराव गोलबोले के नाम पर है. उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 9.4.2026 सी.नं. 852 द्वारा मुझे दी है. जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं. अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं. अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है.

सही/-
**श्रीमती प्रगती रितेश हिंगोले**

### आम सूचना

मैं मिस लाज धरमूमल काराणी सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम नं. 12, बैरक नं. 2048, सेक्शन 36, उल्हासनगर- 5 (टैक्स नं. 56डीआय011821400) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती वीना दिलीप वनवारी व श्रीमती भूमिका मनोज कुकरेजा के नाम पर है. उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 11.4.2026 सी.नं. 61 द्वारा मुझे दी है. जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं. अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं. अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है.

सही/-
**मिस लाज धरमूमल काराणी**

# जुबिन नौटियाल ने गुपचुप रचाई शादी

### ■ बचपन के प्यार को बनाया अपनी अर्धांगिनी

सिंगर जुबिन नौटियाल ने शादी कर ली है. ऐसी खबर है कि जुबिन ने अपनी बचपन के प्यार से उत्तराखंड में शादी की है. यह शादी प्राइवेट थी और इसमें सिर्फ परिवार वाले और करीबी दोस्त ही शामिल थे. जुबिन की शादी के फंक्शन की कुछ फोटोज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं.

ई टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबित जुबिन ने ग्रैंड सेलिब्रेशन के बजाय ट्रेडिशनल प्राइवेट शादी करने का प्लान किया. वे सिर्फ अपने लोगों के साथ अपने इस दिन को सेलिब्रेट करना चाहते थे और इससे वे काफी खुश भी हैं.



### अभी छिपी है जुबिन के पार्टनर की झलक

हालांकि जुबिन ने शादी जिससे की है, उनको लेकर कोई अपडेट नहीं है. ना ही जुबिन की पार्टनर का नाम पता चला है और ना ही उनके चेहरे की झलक दिखी है. इसके अलावा जुबिन ने भी अभी तक शादी को लेकर कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं दिया है.

### फोटो हो रही वायरल

एक फोटो जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है उसमें जुबिन की पार्टनर ने सिंगर को हग किया हुआ है. दोनों ने कुछ ऑफव्हाइट कलर के आउटफिट्स पहने हैं. फोटो को देखकर लग रहा है जैसे जुबिन उस मोमेंट पर अपनी पार्टनर के लिए गाना गा रहे हैं. खैर अब तो फैंस को बस जुबिन की तरफ से फोटोज शेयर करने या स्टेटमेंट का ही इंतजार है.

## सिनेवंडर माल के पास एक गोदाम में पुलिस ने किया छापेमारी



**ठाणे.** शहर स्थित कापरबावड़ी परिसर में अवैध गैस सिलेंडर भंडारण की सूचना से हड़कंप मच गया.सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. बीनू वर्गीस को मिली जानकारी के अनुसार,सीने वंडर मॉल के पास डोमिनोज के नजदीक एक गोदाम में बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर अवैध रूप से रखे जाने की आशंका जताई गई है.इसकी जानकारी मिलते ही चितलसर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुनील वारुडे को सूचना दी गई.इसका कारण है कि मौजूदा समय में गैस सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमतों के चलते इनका ब्लैक मार्केटिंग के लिए स्टॉक किया जा रहा था.पुलिस ने तत्काल घटना स्थल पर कार्रवाई कर आगे की जांच शुरू कर दी है.

# न्यू इंदिरानगर में सैटिस पुल प्रोजेक्ट से प्रभावित लोगों को राहत

### ■ सांसद नरेश म्हस्के और मेयर शर्मिला पिंपलोलकर ने चाबियां बांटीं

**ठाणे.** कोपरी डिवीजन के न्यू इंदिरानगर इलाके में सैटिस पूल प्रोजेक्ट से प्रभावित परिवारों को आखिरकार राहत मिल गई है. डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने लोगों की दिक्कतों को प्राथमिकता दी है और सांसद नरेश म्हस्के के लगातार फॉलो-अप की वजह से, न्यू इंदिरानगर इलाके के लोगों को एक्मे, खेवरा सर्कल, मानपाड़ा में दूसरे घर दिए गए हैं.

बुधवार को आनंदाश्रम में सांसद नरेश म्हस्के और मेयर शर्मिला पिंपलोलकर और नगरसेविका मालती पाटिल ने मेयर हॉल में चाबियां बांटीं.ठाणे के कोपरी के न्यू इंदिरानगर इलाके में



रेलवे एडमिनिस्ट्रेशन की कार्रवाई से लोगों में डर का माहौल बन गया था. नगरसेविका मालती पाटिल, नम्रता पमनानी और नगरसेवक भरत चव्हाण ने दिलासा दिया.

इन लोगों को दूसरे घर दिलाने के लिए, उन्होंने लगातार डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और सांसद नरेश म्हस्के से बात की और एडमिनिस्ट्रेशन के ज़रिए खेवरा सर्कल पर उन्हें दूसरे घर दिलाए गए.

बुधवार को, टेंभिनाका आनंदाश्रम में, सांसद नरेश म्हस्के ने 10 प्रभावित लोगों को घर की चाबियां दीं. जबकि बाकी लोगों को मेयर शर्मिला पिंपोलकर, हाउस लीडर हनमंत जगदाले, नगरसेवक राम रेपाले और नगरसेविका मालती पाटिल ने चाबियां बांटीं. उन्होंने इन लोगों को दूसरे घर दिलाने के लिए सभी का शुक्रिया अदा किया. इस मौके पर रोहित पिंपलोलकर, रमाकांत पाटिल, संतोष सतकर, विकास पाटिल समेत कई लोग मौजूद थे.






### आम सूचना

मैं श्री वशिष्ट जोरी यादव सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम नं. 5, बैरक नं. 1719, तहसीलदार कार्यालय के पास, गांधी रोड, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 53डीआय.18687900) उक्त प्रॉपर्टी श्री घनश्यामदास आसनदास थदानी के नाम पर है. उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 16.4.2026 द्वारा मैंने खरीदी है. जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं. अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं. अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है.

सही/-
**श्री वशिष्ट जोरी यादव**

### आम सूचना

मैं श्रीमती सोनी श्यामबिहारी गुप्ता सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम 39/01, समता नगर 2, ब्लाक नं. 102 के पास, भंगाले चाल, कुर्ला कैम्प, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 39डीओ021529700) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती ज्योति सुनील कदम के नाम पर है. उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 8.8.2025 द्वारा मैंने खरीदी है. जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं. अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं. अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है.

सही/-
**श्रीमती सोनी श्यामबिहारी गुप्ता**

### आम सूचना

मैं श्री जीतेंद्र हिरालाल कोष्टी सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम नं. 1, बैरक नं. 1415 के पास, चारंग बाबा नगर, मराठा सेक्शन, उल्हासनगर- 4 (टैक्स नं. 41सीआय00929550) उक्त प्रॉपर्टी श्री हिरालाल शंकर कोष्टी के नाम पर है. उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 30.1.2026 द्वारा मुझे दी है. जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं. अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं. अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है.

सही/-
**श्री जीतेंद्र हिरालाल कोष्टी**

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099